www.navpradesh.com

दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर 2 | मनोरंजन/खेल/व्यापार 4 | अभिव्यक्ति 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.MPHIN/2017/72749 भोपाल, बुधवार 25 मई 2022, कृष्ण पक्ष- नवमी , विक्रम संवत-2079 वर्ष-06 अंक-32 पृष्ठ-08 मूल्य 4 रुपए भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर, व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

मनुष्य को हमेशा मौका नही ढूंढना चाहिये, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

आज बेबाक

हमारे देश में राजनीतिक दलों का दलदल बनता जा रहा है। कुकुरमुत्तों की तरह राजनीतिक पार्टियां उगती जा रही है। जिनकी गिनती मुश्किल है। यह पता लगाना और भी मुश्किल है कि इन राजनीतिक पार्टियों में कौन किसकी बी टीम है? ओवैसी की पार्टी को कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे की बी टीम बनाते है। वहीं ओवैसी दोनों को ही गरियाते है और यह आरोप लगाते है कि भाजपा और कांग्रेस नहीं चाहती कि देश में कोई तीसरी पार्टी उभरे। बकौल अरविंद केजरीवाल सब आपस में मिले हुए है जी। समझाना मुश्किल है कि कौन है सच्चा कौन है झूठा।

सूर्योदय

उदय : 5.27 प्रातः

अस्त : 7.12 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,949,173,390

भारत : 1,406,168,140

बाजार

सेंसेक्स : 54052.61

निफ्टी : 16125.20

गोल्ड : 52,090 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.66 प्रति नग

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय गुमशुदा बाल दिवस : हर साल 25 मई को विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय गुमशुदा बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उन गुमशुदा बच्चों के लिए मनाया जाता है जो किसी तरह अपने घर पहुंच चुके है, उन लोगों को याद रखने के लिए जो अपराध के शिकार हैं, और उन लोगों की तलाश करने के प्रयास जारी रखने के लिए जो अभी भी लापता हैं। 25 मई को अब व्यापक रूप से मिसिंग चिल्ड्रन्स डे प्रतीक के रूप में जाना जाता है। इस दिन को मनाए जाने की घोषणा वर्ष 1983 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन द्वारा की गई थी। 2001 में, 25 मई को इंटरनेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइड चिल्ड्रेन, मिसिंग चिल्ड्रन यूरोप और इसलिए यूरोपीय आयोग के संयुक्त प्रयास पर औपचारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय मिसिंग चिल्ड्रन्स डे के रूप में पहली बार मान्यता मिली थी।

मुख्यमंत्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक

उपभोक्ताओं को 16 हजार 424 करोड़ 18 लाख रूपये की विद्युत सब्सिडी

उत्कृष्ट कार्यों के लिए 3 नवीन पुरस्कार का अनुमोदन

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये निर्धारित दरों पर विभिन्न श्रेणियों में उपभोक्ताओं को 16 हजार 424 करोड़ 18 लाख रूपये की सब्सिडी देने का निर्णय लिया गया। यह प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं के लिये गृह ज्योति योजना में स्वीकृत 5,584 करोड़ 40 लाख रूपये की सब्सिडी के अतिरिक्त हैं। इसके एवज में विद्युत वितरण कंपनियों को सब्सिडी दी जायेगी।

उपभोक्ता श्रेणी 10 हार्सपावर तक की क्षमता वाले मीटर रहित स्थायी कृषि उपभोक्ताओं से फ्लेट दर पर 750 रूपये प्रति हार्सपावर प्रतिवर्ष लिये जाने के एवज में सब्सिडी के लिए 10,372 करोड़ 17 लाख रूपये, 10 हार्सपावर से अधिक क्षमता वाले मीटर रहित स्थायी कृषि उपभोक्ताओं से फ्लेट दर पर 1500 रूपये प्रति हार्सपावर प्रतिवर्ष लिए जाने के एवज में सब्सिडी के लिए 690 करोड़ 56 लाख रूपये, 10 हार्सपॉवर तक की क्षमता वाले मीटरयुक्त स्थायी कृषि पंप के लिए 43 करोड़ 45 लाख रूपये और 10 हार्सपावर से अधिक क्षमता वाले मीटरयुक्त स्थायी कृषि पंप के लिए 2 करोड़ 96 लाख रूपये की सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही 10 हार्स पॉवर तक की क्षमता वाले अस्थाई कृषि पंप के संयोजन के लिए 193 करोड़ 81 लाख रूपये, 10 हार्स पॉवर से अधिक क्षमता वाले अस्थाई कृषि पंप के संयोजन के लिए 12 लाख रूपये, 1 हेक्टेयर भूमि वाले 5 हार्सपॉवर तक के एस.सी./एस.टी स्थाई कृषि पंप उपभोक्ताओं को निःशुल्क विद्युत देने के लिए 4983 करोड़ 33 लाख रूपये और उच्च दाब उद्वहन/समूह सिंचाई उपभोक्ताओं को वार्षिक न्यूनतम प्रभार से छूट और ऊर्जा प्रभार में 190 पैसे प्रति यूनिट की छूट देने के लिए 137 करोड़ 77 लाख रूपये सब्सिडी देने का निर्णय लिया गया हैं।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए 3 नवीन पुरस्कार

मंत्रि-परिषद ने 3 नवीन पुरस्कार मध्यप्रदेश गौरव सम्मान, मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (शासकीय योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु) एवं मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार हेतु) को संचालित किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस 1 नवम्बर को दिये जाएंगे।

मध्यप्रदेश गौरव सम्मान- प्रदेश के नागरिकों/संस्थाओं को विभिन्न श्रेणियों में उनके द्वारा किये गये असाधारण कार्यों के लिए दिए जाएंगे। प्रतिवर्ष कुल 10 पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रति पुरस्कार 5 लाख रूपये सम्मान राशि दी जाएगी। एक ही कार्य क्षेत्र या श्रेणी में एक से अधिक व्यक्ति पात्र होने पर पुरस्कार राशि बराबर-बराबर वितरित की जाएगी। केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी आवेदन कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (टीम)- शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन की टीम को दिया जायेगा। विभिन्न श्रेणियों में कुल 5 पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रत्येक श्रेणी में 10 लाख रूपये की सम्मान राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार)- शासकीय योजनाओं के नवाचार के लिए शासकीय सेवकों को दिया जायेगा। विभिन्न श्रेणियों में कुल 15 पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रत्येक श्रेणी में 1 लाख रूपये की सम्मान राशि दी जाएगी। एक ही कार्य क्षेत्र या श्रेणी में एक से अधिक शासकीय सेवक पात्र होने पर पुरस्कार राशि बराबर-बराबर वितरित की जाएगी।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

मंत्रि-परिषद ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में वर्तमान में स्वीकृत पदों के कार्य अनुरूप चार कैडर/संवर्ग निर्माण कर नवीन ढाँचा निर्माण की स्वीकृति दी। नवीन संवर्ग में चिकित्सक संवर्ग, विशेषज्ञ संवर्ग, लोक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्ग और अस्पताल प्रबंधन संवर्ग का निर्माण किया जायेगा। नवीन (संवर्ग) ढाँचा निर्माण के लिए चिकित्सक संवर्ग, विशेषज्ञ संवर्ग और लोक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्ग में पदोन्नति के पदों को क्रमोन्नत वेतनमान के पद में परिवर्तित करते हुए क्रमोन्नत/ चार स्तरीय वेतनमान अनुसार पदपूर्ति की स्वीकृति प्रदान की गयी।

क्लस्टर विकास से 4 हजार रोजगार के अवसर

मंत्रि-परिषद ने राज्य शासन की क्लस्टर विकास की मंशा और प्रस्तावित क्लस्टर से बड़ी संख्या में रोजगार सृजन एवं वृहद निवेश के दृष्टिगत एस.पी.व्ही को क्लस्टर विकास के लिए कुल विकास लागत की 60 प्रतिशत की दर से अधिकतम 10 करोड़ रूपये का सहायता अनुदान देने का निर्णय लिया। मेसर्स फेयरडील एक्सपोर्ट कॉपरेटिव सोसायटी द्वारा ग्राम निंबोला जिला बुरहानपुर में टेक्सटाईल क्लस्टर की स्थापना से 4 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना हैं। परियोजना की कुल लागत 19 करोड़ 85 लाख रूपये हैं। क्लस्टर में स्थापित होने वाली इकाइयों द्वारा इकाई स्थापना के लिए बैंक/वित्तीय संस्थाओं से लिए जाने वाले मियादी ऋण पर 2 प्रतिशत की दर से 5 वर्षों के लिये अधिकतम 5 करोड रूपये ब्याज अनुदान, शर्तों के अध्याधीन स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

1208 करोड़ रूपये से अधिक की सिंचाई परियोजना

मंत्रि-परिषद ने रामपुरा मनासा सूक्ष्म उदवहन सिंचाई परियोजना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। परियोजना की लागत राशि 1208 करोड़ 89 लाख रूपये है। इस परियोजना की रबी के लिए सिंचाई क्षमता 65 हजार 400 हेक्टेयर होगी। परियोजना से मनासा तहसील के 215 ग्रामों के कृषकों को सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा।

29 हजार 400 करोड़ रूपये की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति

मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में विकेन्द्रीकृत उपार्जन योजना में खाद्यान्न आदि के उपार्जन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य शासकीय योजनाओं के संचालन, डेफिसिट पूर्ति और वर्तमान जारी वित्तीय व्यवस्था की निरंतरता के लिये वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु धन राशि उधार लेने के लिए 29 हजार 400 करोड़ रूपये की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति की स्वीकृति प्रदान की। शासकीय प्रत्याभूति के संस्थावार पुनर्आवंटन एवं खाद्यान्न साख-सीमा के संचालन की समय-समय पर कार्यवाहियों के लिए खाद्य विभाग को अधिकृत किया गया।

किसानों को वित्तीय सहायता के लिए 17 हजार करोड़ रूपये

मंत्रि-परिषद ने भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों को फसल हानि/क्षति होने पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 17 हजार 72 करोड़ 30 लाख रूपये का वित्तीय आकार निर्धारित करते हुए निरंतर रखे जाने का निर्णय लिया। इसमें 2020-21 से 2022-23 तक के लिये 8 हजार 410 करोड़ रूपये केन्द्रांश एवं 8 हजार 410 करोड़ रूपये राज्यांश और राज्यांश राशि का 3 प्रतिशत प्रशासनिक व्यय राशि रूपये 252 करोड़ 30 लाख रूपये शामिल है। योजना का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदा आदि अनापेक्षित घटनाक्रम के कारण फसल हानि/क्षति से पीडित किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना एवं किसानों की आय को सुनिश्चित करना है, ताकि वे अपने कृषि कार्य को जारी रख सके। फसल कटाई प्रयोगों के आयोजन में नवीन तकनीकों जैसे स्मार्ट सेम्पलिंग, रेमोट सेंसिंग आदि का उपयोग किया जायेगा।

ग्रीन इनर्जी कॉरिडोर परियोजना

मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा से उत्पादित विद्युत की निकासी के लिए म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा ग्रीन इनर्जी कॉरिडोर परियोजना में किए जा रहे पारेषण कार्यों के वित्त पोषण हेतु मेसर्स के.एफ. डब्ल्यू, जर्मनी से स्वीकृत ऋण राशि 124 मिलियन यूरो का संपूर्ण उपयोग करने की सहमति दी।

सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना (द्वितीय चरण) की पुनरीक्षित लागत का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद् द्वारा श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना (द्वितीय चरण), जिला खण्डवा 2:660 मेगावॉट की पुनरीक्षित लागत 7 हजार 738 करोड़ रूपये का अनुमोदन दिया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि परियोजना लागत पुनरीक्षण के पूर्व के वित्त पोषण की व्यवस्था यथा 80 प्रतिशत राशि पीएफसी से ऋण के द्वारा तथा 20 प्रतिशत की राशि राज्य शासन की अंशपूँजी से, को समान अनुपात में पुनरीक्षित लागत हेतु जारी रखने का अनुमोदन किया। म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी की 2ङ्ग660 मेगावॉट क्षमता की श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना (द्वितीय चरण) जिला खण्डवा की दोनों शेष पृष्ठ 7 पर

बस-ट्रक की टक्कर में आठ की मौत

हुबली । कर्नाटक के धारवाड़ जिले के हुबली शहर से कुछ दूर पुणे-बैंगलोर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में महाराष्ट्र के कोल्हापुर से तालुक्क रखने वाले आठ यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तरिहाल और गब्बूर के बीच बाईपास सेक्शन में एक निजी बस और एक ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर होने से छह लोगों की मौके पर और दो की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि 26 अन्य घायल हो गए। हुबली-धारवाड़ निगम विभाग के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गोपाल बयाकोड के अनुसार, कोल्हापुर से बैंगलोर जा रही बस और गब्बूर से महाराष्ट्र की तरफ रवाना हुए ट्रक के बीच टक्कर होने से दोनों वाहन चालकों की मौके पर ही मौत हो गई।

रूस पर बोले बिना यूक्रेन पर बहुत कुछ कह गए मोदी

क्वाड समिट में दुनिया को दिया संदेश

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो में क्वाड लीडर्स समिट में रूस का तो नाम नहीं लिया लेकिन यूक्रेन पर अपनी बात रखी। पीएम मोदी ने दुनिया के सभी शीर्ष नेताओं के समक्ष शत्रुता समाप्त करने की बात कही। उन्होंने एक बार फिर कहा कि संवाद और कूटनीति के जरिए ही युद्ध समाप्त किया जा सकता है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में रूस का जिक्र नहीं किया लेकिन यूक्रेन पर बात करते हुए दुनिया को बड़ा संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष के बीच कूटनीति पथ के लिए खड़ा है, क्योंकि दुनिया जानती है कि इस युद्ध ने दोनों देशों को भारी नुकसान दिया है और यूरोप में बड़े पैमाने पर मानवीय संकट खड़ा हो गया है। शिखर सम्मेलन के दौरान सभी वैश्विक नेताओं ने एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी इंडो-पैसिफिक के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता और संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों को शेष पृष्ठ 7 पर

क्वाड समिट में चीन को संदेश, पीएम मोदी बोले- अच्छाई की ताकत है यह संगठन

टोक्यो। क्वाड देशों की शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन सख्त संदेश देते हुए कहा कि क्वाड एक अच्छाई की ताकत के लिए बनाया गया संगठन है। उन्होंने कहा कि यह संगठन हिंद प्रशांत क्षेत्र को बेहतर बना रहा है। कोविड-19 चुनौतियों के बावजूद क्वाड का दायरा व्यापक होने पर बोलते हुए, पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान सहित सदस्य देशों का आपसी विश्वास और दृढ़ संकल्प लोकतांत्रिक शक्तियों को नई ऊर्जा और उत्साह दे रहा है। पीएम मोदी ने मंगलवार की सुबह क्वाड समिट में हिस्सा लिया। इस दौरान जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने उनका स्वागत किया। क्वाड लीडर्स समिट से पहले अपने उद्घाटन भाषण में पीएम मोदी ने कहा, क्वाड ने इतने कम समय में दुनिया शेष पृष्ठ 7 पर

पीएम ने भारतीय विद्यार्थियों से की क्वाड फेलोशिप में आवेदन की अपील

टोक्यो (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो में क्वॉड देशों की ओर से शुरू किए गए फेलोशिप को अद्भुत और अनूठी पहल बताते हुए भारतीय विद्यार्थियों से इसके लिए आवेदन करने का आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा, मैं भारतीय विद्यार्थियों को क्वॉड फेलोशिप के लिए आवेदन करने और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) की अगली पीढ़ी में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता हूं, जो मानवता के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। पीएम ने कहा, यह प्रतिष्ठित फेलोशिप हमारे विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में स्नातक और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के लिए महान अवसर प्रदान करेगी। यह क्वॉड फेलोशिप प्रतिवर्ष 100 शेष पृष्ठ 7 पर

भगवंत मान का भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा ऐक्शन स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को हटाया

कमीशन मांगने का आरोप

चंडीगढ़ । पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपनी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को पद से हटा दिया है। उनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। पंजाब सीएमओ ने बताया है कि विजय सिंगला के खिलाफ के आरोप लगे थे और इस संबंध में सबूत भी पाए गए थे। पंजाब के सीएमओ ने कहा, 'उन पर आरोप है कि ठेकों के एवज में उन्होंने अधिकारियों से एक पर्सेंट कमीशन की मांग की थी। विजय सिंगला के खिलाफ ठोस सबूत भी पाए गए हैं।' मंत्री पद से हटने के साथ ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने फैसले को लेकर कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है ताकि सरकार को भ्रष्टाचार से मुक्त रखा जा सके। पुलिस को सिंगला के खिलाफ केस दर्ज करने का भी आदेश दिया गया है। भगवंत मान ने वीडियो मेसेज में कहा, 'मैं मंत्री के खिलाफ कड़ा फैसला ले रहा हूं। उन्हें अपनी कैबिनेट से हटा रहा हूं। उनके भ्रष्टाचार के मामले में शामिल होने के हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं। मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि विपक्षी दल मुझ पर हमला करेंगे और कहेंगे कि सरकार गठन के दो महीने के बाद ही मंत्री को हटा दिया गया। बात यह है कि हम किसी भी हाल में यह नहीं सहेंगे कि कोई भ्रष्टाचार करे। हमारे राष्ट्रीय संयोजक (अरविंद केजरीवाल) ने साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया शेष पृष्ठ 7 पर

पूजा सिंघल केस: बिहार के मुजफ्फरपुर में ईडी की छापेमारी

मुजफ्फरपुर। झारखंड की पूर्व खनन सचिव और राज्य की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का कनेक्शन मुजफ्फरपुर के युवक से जुड़ गया है। यह युवक है विशाल चौधरी। ईडी की टीम विशाल चौधरी के पिता त्रिवेणी चौधरी के आवास पर छापेमारी कर रही है। त्रिवेणी चौधरी का घर ब्रम्हपुरा थाना के राहुल नगर मोहल्ले में है। ईडी की टीम करीब 8 बजे मुजफ्फरपुर पहुंची। स्थानीय पुलिस को साथ लेकर टीम त्रिवेणी चौधरी के घर पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दिया। त्रिवेणी चौधरी की खुद भी पूजा सिंघल से अच्छी पहचान है।

त्रिवेणी चौधरी मूल रूप से मुजफ्फरपुर के साहेबगंज के रहने वाले हैं। उनका परिवार शहर में राहुल नगर में रहता है। लेकिन,आर्मी से रिटायर होने के बाद से शेष पृष्ठ 7 पर

गरमा-गरम

भ्रष्टाचार के आरोप में पंजाब के हेल्थ मिनिस्टर गिरफ्तार

उपलब्धि... बिन ब्याही मां के बेटे हैं आस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित पीएम एंथनी अल्बनीज

बेटे को न लगे नाजायज औलाद का ठप्पा, मां ने बोला 14 साल झूठ

कैनबरा (ए.)। ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को देश के 31वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली। अल्बानीज ने शनिवार की रात संघीय चुनाव में जीत का दावा किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें गवर्नर-जनरल डेविड हर्ले ने रिचर्ड मार्लेस, पेनी वोंग, जिम चाल्मर्स और कैटी गैलाघर के साथ शपथ दिलाई गई। मंगलवार को जापान में चल रहे क्वाड सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी से ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने मुलाकात भी की। हम बता रहे हैं ऑस्ट्रेलिया के पीएम की वो दास्तान जो किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बिन ब्याही मां के बेटे को कहीं नाजायज औलाद का ठप्पा न लग जाए इसीलिए उनकी मां अल्बनीज से 14 साल तक ये झूठ बोलती रहीं कि उनके पिता की एक कार हादसे में मौत हो गई है। जबकि हकीकत इसके उलट थी। ऑस्ट्रेलिया में आम चुनाव में जीते लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज एंथनी अल्बनीज की मां ने बिना शादी के बेटे को जन्म दिया था। नाजायज का ठप्पा बचाने के लिए समाज और बेटे एंथनी से झूठ बोला। एंथनी अल्बनीज 14 साल तक खुद को बिना पिता का समझते रहे। सरकार से मिलने वाली पेंशन बंद होने पर तंगहाली में मां ने बेटे को सब कुछ सच बताया। मां की इस स्टोरी का जिक्र एंथनी ने अपनी बायोग्राफी में भी किया है।

सरकार ने पेंशन बंद की तो तंगहाली में मां ने बताया सच: 59 साल के एंथनी अल्बनीज जब 14 साल के थे तब तक उनकी मां को दिव्यांग पेंशन मिलती थी। इसके बाद सरकार ने मां को आयोग्य घोषित कर पेंशन बंद कर दी। तंगहाली के बीच एक दिन मां ने बताया कि उनके पिता जिंदा है। उनकी मौत नहीं हुई थी।

प्यार और जुदाई का कड़वा सच: साल 1962 में एंथनी की मां विदेश यात्रा पर थीं। उनके पिता कार्लो क्रूज शिप के मैनेजर थे। सात महीने की यात्रा कर एंथनी की मां सिडनी लौट आईं। तब तक वे चार महीने की गर्भवती थीं शेष पृष्ठ 7 पर

दिव्यांग पेंशन के सहारे मां ने अपने बेटे को पाला

एंथनी का जन्म 2 मार्च, 1963 को ऑस्ट्रेलिया के शहर कैंपरडॉउन के रूढ़िवादी कैथोलिक ईसाई परिवार में हुआ। लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज की मां सिंगल पैरेंट हैं। उनकी मां ने दिव्यांग पेंशन के सहारे अपने इकलौते बेटे एंथनी को पाला-पोसा। एंथनी का बचपन आर्थिक तंगी में गुजरा। उनकी मां ने एंथनी को हमेशा यही बताया कि उनके पिता की मौत कार हादसे में हो गई थी। एंथनी की मां आयरिश-ऑस्ट्रेलियाई मूल की हैं, जबकि पिता कार्लो अल्बनीज को इटली मूल का बताया गया।

मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम को दी बधाई

टोक्यो । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ द्विपक्षीय मुलाकात की। अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, भारत,जापान के गठजोड़ क्वॉड की चौथी शिखर बैठक के इतर हुई इस मुलाकात में श्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम को बधाई दी। क्वॉड की शिखर बैठक में अपने आरंभिक उद्बोधन में श्री मोदी ने कहा, सबसे पहले प्रधान मंत्री एंथोनी को चुनावों में विजय के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं। शपथ लेने के 24 घंटे के बाद ही आपका हमारे बीच होना, क्वॉड मित्रता की ताकत और इसके प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। श्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम को भारत आने का निमंत्रण दिया।

शाहिद कपूर ने यूरोप ट्रिप के वीडियो सोशल मीडिया पर किए शेयर

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने शाहिद कपूर अपनी यूरोप ट्रिप से सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है। शाहिद कपूर अपने दोस्तों के साथ यूरोप में बाइकिंग ट्रिप पर गए हुए हैं।शाहिद कपूर ने अपनी यूरोप ट्रिप से सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है। वीडियो में शाहिद और ईशान खट्टर खुद को एक पतली स्ट्रीट की अपोजिट दीवारों पर बैलेंस करते हुए नजर आ रहे है। दोनों के साथ कुणाल खेमू भी ऐसा करने की कोशिश करते हैं। उनका शोर सुनकर एक महिला अपने घर की खिड़की खोलकर उनको देखती है। शाहिद उसे नोटिस करने के बाद नीचे उतर जाते हैं। शाहिद ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'सॉरी आंटी।' शाहिद के अलावा ईशान खट्टर और कुणाल खेमू आए दिन अपनी ट्रिप की फोटोज और वीडियोज शेयर करते रहते हैं।

आलिया के प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म 'डार्लिंग्स' नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

मुंबई । शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और आलिया भट्ट के प्रोडक्शन हाउस इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शन हाऊस के बैनर तले बनी फिल्म 'डार्लिंग्स' इस वर्ष नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। गौरी खान, आलिया भट्ट और गौरव वर्मा इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म से निर्देशक जसमीत के रीन फुल लेंथ फीचर में डेब्यू करने वाली हैं।

कृति ने फिटनेस ब्रांड 'द ट्राइब' लांच किया

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने अपना फिटनेस ब्रांड 'द ट्राइब' लांच किया है। कृति सैनन ने बिजनेसवुमन के रूप में अपनी नई जर्नी की अनाउंसमेंट की है। कृति सैनन ने फिटनेस कॉम्यूनिटी में इन्वेस्ट करते हुए 'द ट्राइब' ब्रांड को लॉन्च किया है। कृति सैनन ने सोशल मीडिया पर दो फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वह जिम आउटफिट में नजर आ रही हैं। कृति के साथ उनके तीन ट्रेनर्स और को-फाउंडर रोबिन बहल, करण साहनी और अनुष्का नंदिनी नजर आ रहे हैं। कृति ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा,÷वे कहते हैं कि 'आपका वाइब आपके ट्राइब को आकर्षित करता है'। मैं हमेशा ऐसी इंसान रही हूं जो लोगों को आगे बढ़ाने में विश्वास करती है जिन पर मैं वास्तव में विश्वास करती हूं और आज ठीक उसी के लिए खड़ी हूं। कृति सैनन ने लिखा, ÷आठ साल पहले, मैंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक एक्टर के रूप में अपना सफर उन लोगों की मदद से शुरू किया, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे उड़ने के लिए पंख दिए। आज, आठ साल बाद, ठीक उसी दिन, मैं अपने तीन कमाल के को-फाउंडर्स अनुष्का नंदनी, करण साहनी और रॉबिन बहल के साथ एक एंटरप्रेन्योर के रूप में अपनी जर्नी की अनाउंसमेंट करते हुए एक्साइटेड फील कर रही हूं, क्योंकि हम अपना पैशन प्रोजेक्ट 'द ट्राइब' लॉन्च कर रहे हैं।लॉकडाउन में जब जिम बंद थे, तब रॉबिन, करण और अनुष्का ने ही फिट रहने में उनका साथ दिया था। फिट रहने के लिए आपको प्रेरणा, सही मार्गदर्शन और एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो आपकी एक्सरसाइज को मजेदार बना सके।

टाइगर श्रॉफ ने जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण शेड्यूल पूरा किया

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्राफ ने अपने जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण शेड्यूल पूरा किया है।

टाइगर श्राफ इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म गणपत पार्ट वन को लेकर चर्चा में हैं। टाइगर ने इस फिल्म के अंतिम और सबसे चुनौतीपूर्ण शेड्यूल की शूटिंग को पूरा कर लिया है।गणपत पार्ट वन के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग को खत्म करने की जानकारी टाइगर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा कर दी हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, ÷बस मेरे जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण शेड्यूल को पूरा कर लिया है... ये देखने के लिए आप लोगों का इंतजार नहीं कर सकता कि क्या आ रहा है। सगणपत।÷

गौरतलब है कि विकास बहल के निर्देशन में बनी रही गणपत पार्ट वन में टाइगर श्राफ और कृति सैनन की मुख्य भूमिका है।इस हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म का निर्माण पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है। टाइगर श्रॉफ की यह एक्शन ड्रामा फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



अक्षय कुमार की फिल्म पृथ्वीराज के गाना 'मखमली' का टीजर रिलीज

मुंबई । बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म पृथ्वीराज के गाने मखमली का टीजर रिलीज कर दिया गया है। डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी के निर्देशन में बनी फिल्म पृथ्वीराज ,पृथ्वीराज चौहान के जीवन और उनके पराक्रम पर आधारित है। अक्षय फिल्म में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं मानुषी छिल्लर फिल्म में पृथ्वीराज की प्रेमिका राजकुमारी संयोगिता की भूमिका निभा रही हैं।फिल्म 'पृथ्वीराज' के नए गाने 'मखमली' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। गाने के टीजर में अक्षय-मानुषी की केमिस्ट्री देखने लायक है। अक्षय ने सोशल मीडिया पर फिल्म का यह गाना फैंस के साथ शेयर किया है। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ÷वादा, सम्मान और भक्ति। मखमली गाने के टीजर का अभी अनुभव करें और पूरा गाना केवल थिएटर में देखें। 'पृथ्वीराज' 3 जून को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है। अपने नजदीकी थिएटर्स में वाईआरएफ के 50 साल पूरे होने के साथ-साथ सम्राट पृथ्वीराज चौहान का भी जश्न मनाएं।÷

न्यूज गैलरी

असम के अभिजीत ने विश्व बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में बनाई जगह

नई दिल्ली । असम के अभिजीत बरुआ वर्ल्ड बॉक्सिंग काउंसिल की ओर से तंज़ानिया में आयोजित होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में पहुंचने वाले राज्य के पहले पेशेवर बॉक्सर बन गये हैं। अभिजीत के विश्व चैम्पियनशिप में पहुंचने की ख़बर मिलते ही उनके गांव जोरहाट में ख़ुशी का माहौल छा गया। 69 किलो वर्ग के प्रतिभागी बरुआ ने रविवार को आरडीसी स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित एशियाई बॉक्सिंग काउंसिल के ट्रायल्स में उत्तर प्रदेश के शिवम तिवारी को हराया था। 24 घंटे में नंगे पांव सबसे लंबी दूरी दौड़ने का रिकॉर्ड भी बरुआ के नाम ही है। साल 2012 में बरुआ ने 24 घंटे में 156.2 किमी नंगे पांव दौड़कर गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया था। बरुआ मार्शल आर्ट्स के विशेषज्ञ भी हैं और उन्होंने 10 अलग-अलग श्रेणियों में कई पुरस्कार जीते हैं।

वर्तमान में यूथ लाइटवेट विश्व चैंपियन राजेश कसाना लुक्का की कोचिंग में प्रशिक्षण ले रहे बरुआ का सपना है कि वह भारत के पहले पेशेवर विश्व चैंपियन बनें। इस सपने के साथ उन्होंने असम पुलिस की अपनी नौकरी छोड़कर अपना जीवन बॉक्सिंग को समर्पित कर दिया है।

विटोरी, बोरोवेक बने ऑस्ट्रेलिया के नये असिस्टेंट कोच

मेलबर्न । न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी और आंद्रे बोरोवेक को ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम का असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विटोरी और बोरोवेक अगले महीने होने वाले श्रीलंका दौरे से पहले अपनी ज़िम्मेदारियां संभालेंगे। इससे पहले यह ज़िम्मेदारी जेफ़वॉन और एंड्रयू मैकडॉनल्ड के पास थी। इससे पहले विटोरी रॉयल चैलेंजर्स बैंग्लोर में भी मैकडॉनल्ड के साथ काम कर चुके हैं। इसके अलावा दोनों ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक पाकिस्तान दौरे के व्हाइट बॉल मुकाबलों के दौरान भी साथ आये थे। दूसरी तरफ़ बोरोवेक पाकिस्तान में हुई टेस्ट सीरीज़ के दौरान ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम हेड कोच मैकडॉनल्ड के स्टाफ़ का हिस्सा रहे थे। अब वह श्रीलंका दौरे पर ऑस्ट्रेलिया ए की कमान भी संभालेंगे।

धोनी सर की तरह अंत तक खेलना हैः किरण नवगिरे

पुणे । अपने व्हॉट्सऐप स्टेटस पर किरण नवगिरे ने महेंद्र सिंह धोनी के प्रति अपने अपार प्रेम को ज़ाहिर किया है। वह उन्हें क्रिकेट का भगवान मानती हैं। महाराष्ट्र की इस धाकड़ बल्लेबाज़ ने कहा , ÷मैं धोनी की तरह लंबे छक्के लगाना चाहती थी और इसी वजह से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था। देश के साथ-साथ मेरे लिए भी बहुत कुछ बदल सा गया जब धोनी ने (2011) विश्व कप जीतने के लिए वह छक्का लगाया था। 11 वर्षों बाद नवगिरे अपनी बल्लेबाज़ी के दम पर सुर्ख़ियां बटोर रही हैं। हाल ही में संपन्न हुई महिला टी20 लीग में नागालैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने सर्वाधिक 35 छक्के लगाए। इसके अलावा उन्होंने 54 चौकों की मदद से कुल 525 रन बनाए। इस दौरान वह एक टी20 मैच में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली भारतीय महिला भी बनी। साथ ही अपनी पार्ट टाइम ऑफ़ स्पिन से उन्होंने सात विकेट झटके।

इस प्रदर्शन के बाद वह महिला टी20 चैलेंज में अपना पहला मैच खेलने की कगार पर हैं। तीन टीमों वाली यह प्रतियोगिता अपने चौथे संस्करण में है और नवगिरे को दीप्ति शर्मा के नेतृत्व वाली वेलॉसिटी टीम में चुना गया है। एमसीए स्टेडियम पर अपने दूसरे अभ्यास सत्र के बाद कप्तान दीप्ति ने कहा, ÷मैं किरण को पहली बार नेट्स में खेलते हुए देख रही थी जब मुझे पता चला कि वह शेफ़ाली (वर्मा) की तरह एक बेहतरीन पावर हिटर हैं। अभ्यास में मैंने उन्हें ज़्यादातर समय छक्के लगाते हुए ही देखा है। जब वह बल्लेबाज़ी करती हैं तब ऐसा लगता है कि गेंद मैदान से बाहर जाकर ही गिरेगी। उनके ताक़तवर शॉट देखकर समझ नहीं आता कि यह शॉट कोई पुरुष खेल रहा है या फिर कोई महिला।

नवगिरे महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मिरे गांव में पली-बड़ी। उनका मानना है कि अपने परिवार के साथ खेत में काम करने और बचपन में अलग-अलग खेल खेलने से उन्हें यह ताक़त मिली है। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ÷मिरे में क्रिकेट इतना नहीं खेला जाता लेकिन सब लोग कबड्डी, खो-खो और एथलेटिक्स खेलते हैं। मेरे पिताजी हमेशा से एथलेटिक्स को लेकर काफ़ी प्रोत्साहित करते रहे हैं और एक बार तो उन्होंने मुझे इस खेल में ज़ोर आज़माने को कहा था। मैं बचपन से ही खेल-कूद करती थी और पांचवीं कक्षा में मैंने एथलेटिक्समें हिस्सा लेना शुरू किया। नवगिरे जैवलिन थ्रो, शॉट पुट और 100 मीटर की दौड़ में भाग लेती थी।

2009-10 में उन्होंने महाराष्ट्र राज्य की

दूसरे दिन भी गिरा शेयर बाजार

मुंबई । यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के ब्याज दरों में बढ़ोतरी के संकेत से विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन भी गिरकर बंद हुआ। ईसीबी की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड के ब्याज दरों में बढ़ोतरी किये जाने के संकेत से वैश्विक बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.95, जापान का निक्केई 0.94, हांगकांग का हैंगसेंग 1.75 और चीन का शंघाई कंपोजिट 2.41 प्रतिशत लुढ़क गया। इसके दबाव में हुई बिकवाली से बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 236 अंक गिरकर 54052.61 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.55 अंक उतरकर 16125.15 अंक पर रहा।

दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.85 प्रतिशत कमजोर होकर 22,259.55 अंक और स्मॉलकैप 1.14 प्रतिशत लुढ़ककर 25,883.85 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3430 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2267 में गिरावट जबकि 1039 में तेजी रही वहीं 124 के भाव स्थिर रहे। इसी तरह एनएसई में 32 कंपनियों में बिकवाली जबकि शेष 18 में लिवाली हुई। इस दौरान बैंकिंग और वित्त समूह की 0.13 प्रतिशत की बढ़त को छोड़क शेष 15 कंपनियों में बिकवाली का दबाव रहा वहीं ऑटो समूह के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बेसिक मैटेरियल्स 1.09, एफएमसीजी 1.38, हेल्थकेयर 1.35, आईटी 1.75, यूटिलिटीज 1.70, धातु 1.32, पावर 1.64, रियल्टी 1.14 और टेक समूह के शेयर 1.64 प्रतिशत लुढ़के।

एशिया कप : बांग्लादेश ने ओमान को 2-1 से हराया

जकार्ता । बांग्लादेश ने मंगलवार को पूल-बी के अपने दूसरे मुक़ाबले में ओमान को 2-1 से शिकस्त देते हुए हीरो एशिया कप की अपनी पहली जीत दर्ज की।

जीबीके एरिना में एक दिन पहले आयोजित मुक़ाबले में बांग्लादेश को कोरिया के हाथों 6-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

मंगलवार के मुकाबले में बांग्लादेश ने अपने कोच गोबीनाथ कृष्णमूर्ति की योजनाओं पर विश्वास जताते हुए अपनी ओर आए सभी मौकों को भुनाया। मैच के छठे मिनट में अशरफुल इस्लाम ने पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए बांग्लादेश के लिये पहला गोल किया।

17वें मिनट में ओमान के रशद अल फज़री ने फील्ड गोल करते हुए मैच को 1-1 की बराबरी पर ला खड़ा किया। ओमान को मैच में छह पेनल्टी कॉर्नर मिले, मगर वह एक का भी फायदा नहीं उठा पाई जिससे उनकी जीत की संभावना बुरी तरह प्रभावित हुई। बांग्लादेश ने अच्छा खेल दिखाते हुए मैच के 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से एक और गोल किया और मोहम्मद राकिबुल की मदद से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली, जो मैच समाप्त होने तक नहीं बदली।

जॉनसन एंड जॉनसन विजन का नया अभियान

नई दिल्ली । जॉनसन एंड जॉनसन प्राइवेट लिमिटेड की कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन विजन इंडिया ने अपना नया अभियान शुरू किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि देखते रह जाओगे नाम से शुरू किया गया यह अभियान कंपनी के लेंस का इस्तेमाल करने वालों पर आधारित है। इससे युवा पीढ़ी और मिलेनियल दर्शकों को आगे बढ़ते रहने और कोशिश जारी रखने का हौसला मिलता है। कंपनी के विजन केयर इंडिया के बिजनेस यूनिट निदेशक टाइनी सेनगुप्ता ने कहा ÷जॉनसन एंड जॉनसन विजन में हमारा उद्देश्य भारत के युवाओं को कॉन्टैक्ट लेंस के जरिये दुनिया को देखने का हिम्मत भरा नया नजरिया देना है, जो उनकी शख्सियत के हरेक पहलू को पूरा बनाता है। यह देखकर हमें खुशी होती है कि ये लेंस हमारे उपभोक्ताओं की जिंदगी के हिस्से बन गए हैं।

एनएनईएफकी जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा के साथ साझेदारी

नई दिल्ली । नोवो नोर्डिस्कि एज्युबकेशन फाउंडेशन (एनएनईएफ) ने आज गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफमेडिकल साइंसेस (जीआईएमएस), ग्रेटर नोएडा की साझेदारी में टाइप एक डायबिटीज से पीड़ित बच्चों के लिये एक सेंटर फॉर एक्सीलेंस (सीओई) शुरू किया।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह नया केन्द्र टाइप 1 डायबिटीज के उपचार की गुणवत्ता को सुधारने में सहायक होगा और इस क्षेत्र में टाइप 1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों के लिये इंसुलिन की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। भारत में टाइप 1 डायबिटीज से पीड़ित वंचित बच्चों के उपचार के लिये इंसुलिन समान रूप से सुलभ नहीं हो पाता है, जिससे उनका स्वास्थ्य कमजोर हो जाता है। यह सीओई ऐसे बच्चों को निःशुल्क उपचार देने और सरकार से जुड़ने का एक प्रयास है, ताकि इंसुलिन की आपूर्ति तक पहुँच बेहतर और स्थायी हो सके।

नोवो नोर्डिस्की एज्युनकेशन फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी विक्रांत श्रोत्रिय ने कहा ÷हम डायबिटीज के बेहतर उपचार सुलभता बढ़ाने की अपनी रणनीति के हिस्से के तौर पर अपने नये सेंटर ऑफएक्सीरलेंस के लॉन्च की घोषणा करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। इस प्रयास में साथ देने के लिये हम जीआईएमएस के आभारी हैं।

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली । देश में तेल विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया जिससे ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है।

केंद्र सरकार ने शनिवार को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार घट-बढ़ जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 112.83 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.46 प्रतिशत गिरकर 109.78 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

ओलंपिक | यह कार्यक्रम शिक्षा और खेल की दोहरी शक्तियों को साथ जोड़ता है

देश में ओलंपिक आंदोलन और मजबूत होगाः नीता अंबानी

मुंबई । अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी ने मंगलवार को कहा कि देश में ओलंपिक आंदोलन को और मज़बूत किया जाएगा।

श्रीमती अंबानी ने ओडिशा में आईओसी द्वारा भारत के पहले 'ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम'(ओवीईपी) के लॉन्च पर कहा कि ओलंपिक की मूल भावना के अनुरूप यह कार्यक्रम शिक्षा और खेल की दोहरी शक्तियों को साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक समिति ने यह शिक्षा कार्यक्रम युवाओं को उत्कृष्टता, सम्मान और दोस्ती के ओलंपिक मूल्यों से परिचित कराने के लिए तैयार किया है। मूल्य-आधारित इस पाठ्यक्रम को मुंबई में प्रस्तावित आईओसी 2023 सत्र से पहले शुरू किया जा रहा है।

श्रीमती अंबानी ने इस शिक्षा कार्यक्रम के बारे में कहा,÷ भारत महान अवसरों और अनंत संभावनाओं का देश है। हमारे स्कूलों में 25 करोड़ से अधिक बच्चे हैं, जिनमें प्रतिभा और क्षमता है। वे कल के चैंपियन हैं, हमारे देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा,÷ दुनिया में बहुत कम बच्चे ही ओलंपियन बन पाते हैं, लेकिन हर बच्चे को ओलंपिक के आदर्शों से अवगत कराया जा सकता है। यही ओवीईपी का मिशन है और यही इसे भारत के लिए एक बड़ा अवसर बनाता है। ऐसे में जब हम अगले साल मुंबई में आईओसी सत्र 2023 की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं, मैं आशा करती हूं कि देश में ओलंपिक आंदोलन और मजबूत होगा। ओवीईपी को ओडिशा की स्कूली शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया जाएगा। कार्यक्रम को स्कूल और जन शिक्षा विभाग, उड़ीसा सरकार और अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट की साझेदारी में विकसित किया जा रहा है। श्रीमती अंबानी ने भारत के ओलंपिक सपने के समर्थन और ज़मीनी स्तर पर विकास के लिए उड़ीसा सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा,÷श्री नवीन पटनायक के दूरदर्शी नेतृत्व में ओडिशा, भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं का केंद्र बन गया है। राज्य सक्रिय रूप से खेल के लिए एक समग्र इकोसिस्टम बना रहा है, जो हमारे युवा एथलीटों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। ओवीईपी-आधारित परियोजनाएं और गतिविधियां, खराब जीवन शैली, एकाग्रता की कमी और किशोरों के स्कूल छोड़ने जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान में मदद करती हैं। प्रोग्राम के संसाधनों और टूलकिट को ऐसे डिजाइन किया गया है कि युवा, शारीरिक गतिविधि का आनंद लेने के साथ मानसिक शक्ति भी हासिल करें। कार्यक्रम का लक्ष्य, पहले वर्ष में भुवनेश्वर और राउरकेला के 90 स्कूलों में नामांकित 32,000 बच्चों तक पहुंचना है और एक बार पूरी तरह शुरू होने के बाद, इसे लगभग 70 लाख बच्चों तक पहुंचाया जाएगा।

बैंक ऑफइंडिया का तिमाही शुद्ध लाभ 606 करोड़ पर दोगुना

मुंबई । सरकारी क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को बताया कि शुद्ध ब्याज आय में बढ़ोतरी और ऋणों की वसूली में सुधार की बदौलत 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में उसे 606 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 250 करोड़ रुपये था। बैंक ने एक बयान में कहा कि जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 35.77 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,986 करोड़ रुपये रही जो वित्त वर्ष 2020-21 में इसी दौरान यह आंकड़ा 2,936 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में बैंक का शुद्ध लाभ 57.60 प्रतिशत उछलकर 3,405 करोड़ रुपये रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 2,160 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष के दौरान एनआईआई 14,062 करोड़ रुपये रही जो वित्त वर्ष 2020-21 में 14,269 करोड़ रुपये थी। बीओआई ने बताया कि मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में बैंक का सकल अवरुद्ध ऋण (एनपीए) 19.33 प्रतिशत घटकर 45,605 करोड़ रुपये रहा जो मार्च 2021 को 56,535 करोड़ रुपये था जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में कुल एनपीए 19.66 प्रतिशत गिरकर 9,852 करोड़ रुपये रहा जो 31 मार्च 2021 को 12,262 करोड़ रुपये था।

विदिशा, बासौदा एवं सिरोंज में वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही हुई पूर्ण

विदिशा। न्यायालय तथा राज्य कल्याण आयोग की अनुशंसा के अनुपालन अनुसार विदिशा जिले की तीन नगरपालिका क्रमशः विदिशा, बासौदा एवं सिरोंज में ओबीसी वार्डो की आरक्षण प्रक्रिया निर्धारित नियमानुसार सोमवार को नवीन कलेक्टोरेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित की गई थी। गौरतलब हो कि जिले के सभी नगरपालिका एवं नगर पंचायतों के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के वार्डो में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के द्वारा तीनों निकायों में ओबीसी वार्डो के आरक्षण हेतु राज्य कल्याण आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशो के अनुसार निकायवार कार्यवाही संपादित की गई है। आरक्षण प्रक्रिया के संपादन दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी संबंधित क्षेत्र के एसडीएम व प्रशासकए निकायो के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों के अलावा अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, सहायक कलेक्टर अनिल कुमार राठौर, डिप्टी कलेक्टर द्वय अनुभा जैन, अमृता गर्ग के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहें।

कलेक्टर के द्वारा निकायवार वार्डो का आरक्षण लाटरी के माध्यम से किया गया है। नवीन कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में मौजूद बालिका गौरी आचार्य के द्वारा लाटरी सिस्टम से टोकन निकालने का कार्य सभी के समक्ष किय गया था।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि विदिशा नगरपालिका के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित वार्डो के क्रमांकों की जानकारी इस प्रकार से है। 33, 26, 14, 34, 30, 31, 18, 06, 32, 02, 39 इस प्रकार कुल वार्डो की संख्या 11 है। अन्य पिछड़ा वर्ग महिला हेतु आरक्षित वार्डो के क्रमांक इस प्रकार से है। 02, 26, 33, 32, 18, 34 इस प्रकार अन्य पिछड़ा वर्ग महिलाओं के लिए कुल वार्डो की संख्या 06 आरक्षित किए गए है। अनारक्षित वार्ड तदानुसार 04, 07, 08, 09, 11, 12, 13, 15, 16, 17, 19, 21, 23, 24, 25, 27, 28, 35, 36, 37 एवं वार्ड 38 शामिल है। जबकि अनारक्षित महिला वार्ड आरक्षित हुए हैं, उनमें वार्ड क्रमांक 36, 23, 04, 35, 13, 24, 08, 25, 07, 17 एवं 11 शामिल है। इस प्रकार अनारक्षित महिला वार्डो की कुल संख्या 11 है।

महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायिकाओं की नियुक्ति पर आपत्ति पर नहीं हुई सुनवाई

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सहायिकाओं के पद के लिए नियुक्ति निकाली गई थी। उन्हीं नियुक्तियों पर परिणाम आने के बाद जिनको नियुक्त किया गया, उन्हें लेकर अन्य अभ्यर्थियों द्वारा आपत्ति उठाई गई थीं। आपत्तियों पर सुनवाई के लिए चयनित अभ्यर्थी और शिकायत कर्ताओं को सुनवाई के लिए सोमवार को जिला पंचायत कार्यालय में बुलाया गया था। 200-250 किलोमीटर दूर से चलकर इस सुनवाई में शामिल होने आए अभ्यर्थियों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। अधिकारियों के कार्यालय में न मिलने से उन्हें 1 दिन बाद बुलाया गया। अभ्यर्थियों ने बताया कि यदि वह वापस लौटते हैं तो कल उन्हें दोबारा खर्चा करके आना पड़ेगा और यदि कल के इंतजार में विदिशा रूकते है तो खाने-पीने और रहने की व्यवस्था कहां हो कैसे होगी या परेशानी हो रही है।

10 वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्रवाई न होने से जिम्मेदारों पर उठ रहे सवाल

शासकीय कुएं पर अतिक्रमण प्रशासन कब करेगा कार्यवाही

खिरकिया। तत्कालीन तहसीलदार द्वारा रा.पू.क्र . 198 / बी 121 / 01/02 में पारित आदेश दिनांक 30 अगस्त 2002 अनुसार चारूवा आंवलिया नक्शे में 17 बाई 23 की दुकान आवेदन देकर यह कहा था कि प्रस्तावित निर्मित नहीं की जा रही है की स्वीकृति दी थी। जिसको आवेदक द्वारा मान्य भी किया था लेकिन निर्माण के सामने कई शर्तें रखकर मकान निर्माण दौरान और निर्माण के बाद प्रशासन द्वारा इसकी सुध नहीं ली गई । भवन की वर्तमान स्थिति पर सवाल यह उठता है कि नगरीय प्रशासन के अधिकारियों द्वारा या तो जान बूझकर भवन का निर्माण होने दिया गया या फिर इस मामले में लापरवाही करते हुए कोई रूचि नहीं दिखाई । मुख्य मार्ग से 40 फीट भूमि रिक्त छोड़कर एवं सब्जी मंडी की ओर जाने वाली पक्की सड़क से 13 फीट भूमि रिक्त छोड़कर पुराने मकान के स्थान पर रकबा 806 वर्गफीट में मकान निर्माण की अनुमति इस शर्त पर दी है जिसमें अतकनीकी एवं अवैध निर्माण पाए जाने पर हटाने की शर्त निर्माण कार्य में भूकंप रोधी तकनीक का उपयोग वर्षा में पानी का भूमिगत जल संरक्षण , पानी निकास स्वयं के खर्चे पर नगर परिषद की नाली तक निर्माण स्वीकृति में अतिरिक्त अन्य निर्माण कार्य मिलने पर हटाने की शर्त 23 गुणा 17 कुए वाले स्थान पर निर्माण नहीं करने की शर्त पर स्वीकृति दी है । जिसमें 250 रूपए शुल्क बुक नं 6/63 दिनांक 4 अगस्त 2003 में जमा की थी । अतिक्रमणकर्ता की दलील अनुमति के बाद भवन बनाते समय आवेदक द्वारा न तो नगर पंचायत और न ही तहसील की शर्तो का ध्यान रखा शर्त के बिल्कुल विपरीत निर्माण करते हुए न तो चारूवा आंवलिया मार्ग की ओर एवं न ही सब्जी मंडी की ओर निर्धारित की गई स्थान को नहीं छोड़ा गया जबकि जिस स्थान यानी पुराने मकान की जगह भवन निर्माण की अनुमति ली गई थी वहां के साथ - साथ 13 फीट एवं 40 फीट की शर्त को भूलकर दबंगई से प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए अवैध भवन निर्माण कर लिया है और इतने विरोध और खबरें प्रकाशन के बावजूद कार्रवाई न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं भवन मुख्य बाजार क्षेत्र में होने पर आते जाते इसके निर्माण पर नजर हो सकती थी , पर गंधारी रूपी पट्टी बांधे हुए था । जो सब लेकिन लगता है कि प्रशासन अपनी आंखों कुछ देखने के बाद भी कुछ देख नहीं देख पाया । इनका कहना है मामले की जांच की जाएगी । अनुमति के विरूद्ध के निर्माण पाया इन शर्तों के बाद अकबर अली अनुमति देकर प्रशासन भूला जाता है तो कार्यवाही की जाएगी । चिरागुद्दीन ने नगर पंचायत में लिखित प्रशासन ने अनुमति के लिए आवेदक द्वारा तत्कालीन सुरेशचंद हारद्वाज , उपयंत्री ने बताया था ।

इनका कहना है

2013 से अभी तक आदेश होने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। कल जनसुनवाई में पहुंच कर समस्त दस्तावेजों के साथ जिलाधीश महोदय से शिकायत की जाएगी।

संदीप सिंह भदोरिया पूर्व पार्षद

प्रकरण का परीक्षण किया जायगा।

राजेंद्र श्रीवास्तव
सीएमओ

संगठनात्मक चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित

मण्डला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार कांग्रेस संगठन के चुनाव करवाये जाने हैं। इस हेतु एआइसीसी द्वारा प्रत्येक जिला संगठन हेतु डीआरओ नियुक्त किये गए हैं। इसी क्रम में मण्डला जिले हेतु नियुक्त डीआरओ गौरव तिवारी वीरू प्रवक्ता उत्तरप्रदेश कांग्रेस कमेटी का सोमवार को मण्डला आगमन हुआ। उनके द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मण्डला में जिला पदाधिकारियों ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक ली गई। इस बैठक में उन्होंने बताया कि एआईसीसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार किस तरह संगठन चुनाव करवाये जाने हैं। जिले के सदस्यता आंकड़े सहित जिन ब्लॉकों में चुनाव होने हैं उनकी भी विस्तृत जानकारी श्री तिवारी द्वारा दी गई। उन्होंने बूथ स्तर पर बूथ अध्यक्ष व एक डेलीगेट की जानकारी बूथवार तैयार करने हेतु निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने जिले की सदस्यता सहित संगठन की जानकारी डीआरओ को दी। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने प्रत्येक स्तर पर की गई सदस्यता के वेरिफाइड आंकड़े पीसीसी द्वारा जारी करवाने हेतु प्रस्ताव पारित करवाया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष गण व समस्त अनुसांगिक संगठनों के अध्यक्ष पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने दिया धरना

विदिशा। सोमवार को पुरानी कलेक्टोरेट के पास ओव्हर ब्रिज के नीचे भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द जिले में किसानों की उपार्जित गेहूं का भुगतान करने की मांग की गई है। वहीं गलत खातों में गए भुगतान को किसान द्वारा बताए खाते में भेजने की मांग और शून्य ब्याज पर केसीसी जमा करने की तारीख 15 जून करने की मांग की शामिल की गई है। मांगों पर गौर न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस दौरान जिला संयोजक तरबर सिंह राजपूत, जिला मंत्री प्रशांत जैन, जिलाध्यक्ष नारायण सिंह रघुवंशी आदि मौजूद थे।

प्रियांशु राजावत के प्रथम नगर आगमन पर युवा मोर्चा ने किया भव्य स्वागत

धार। 73 साल के थॉमस कप के इतिहास में पहली बार भारत चैम्पियनशिप बना है।भारतीय टीम ने एकतरफा इंडोलेशिया को 3-0 से हराकर जीत का ख़िताब हासिल किया। राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी थॉमस कप विजेता धार की शान मालवा के गौरव प्रियांश भूपेंद्र राजावत धार की मिट्टी को गौरवान्वित करने वाले भी टीम में शामिल थे। प्रियांशु राजावत का धार नगर में विशाल रैली के साथ आगमन हुआ जहां पर खेल संगठनों के अलावा सामाजिक धार्मिक राजनीतिक मंच से भी उनका स्वागत हुआ शहर के टीवीएस चौराहे पर भाजयुमो नगर अध्यक्ष मनीष मकवाना के नेतृत्व में भाजपा जिला महामंत्री सन्नी रिन, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर जाट, पार्षद रवि मेहता,लक्की अरोरा, गणेश सुजान,उमेश हांडीवाला हेमंत शर्मा,विजेंद्र मीणा, सौरभ डोडिया, विशाल यादव द्वारा प्रियांशु राजावत का स्वागत कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर युवा मोर्चा कार्यकर्ता सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

मरीज बेहाल,जनप्रतिनिधि, नेता ,अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

बदहाली का शिकार सिविल अस्पताल

सारंगपुर। नगर का सिविल अस्पताल पूरी तरह अव्यवस्था एवं बदहाली का शिकार है। न तो यहां के जन प्रतिनिधि इस अस्पताल को अव्यवस्था के दलदल से बाहर निकाल पाए और न ही अधिकारियों ने इसके कायाकल्प की जहमत उठाई। आज स्थिति यह है कि बीमार लोगों का इलाज सुनिश्चित करने वाला अस्पताल स्वयं ही बीमार हालत में है। मात्र एक डॉक्टर के भरोसे सारंगपुर तहसील का सिविल अस्पताल संचालित हो रहा है जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं अनेक संगठनों द्वारा अनेकों बार इस अस्पताल की दुर्दशा पर जिले से लेकर मध्यप्रदेश स्तर तक आवाज उठाई लेकिन वही ढाक के तीन पात नजर आए हाल ही में आज सोमवार प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुबह 6.30 बजे बीसी मीटिंग कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने की हिदायत दी लेकिन कुछ ही घंटों बाद या बेअसर होकर सारंगपुर में नजर आने लगी जब प्रदेश के मुखिया स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जागरूक हैं तो अधिकारियों की मनमानी के चलते इन सेवाओं को गर्त में ले जाया जा रहा है। जिसका ताजा उदाहरण सारंगपुर सिविल अस्पताल ने दिखा दिया।सोमवार सुबह 10.20 पर अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे मौसम की वजह से मरीजों की संख्या अस्पताल में धीरे-धीरे बढ़ रही है लेकिन सिविल अस्पताल के डॉक्टर अस्पताल आना उचित नहीं समझ रहे हैं जबकि 9 बजे अस्पताल में डॉक्टर उपस्थित होना चाहिए लेकिन 10.20 बजे तक डॉक्टर अस्पताल में नहीं आए सारंगपुर की जनता के साथ डॉक्टर खिलवाड़ कर रहे हैं अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर कई बार जनप्रतिनिधि आगे आते हैं लेकिन फिर भी कुछ नहीं होता। आखिर सारंगपुर व आसपास की ग्रामीण क्षेत्रों की जनता क्या ऐसे ही परेशान होती रहेगी। हकीकत से रूबरू होना हो तो पहुंचे सिविल अस्पताल में और देखिए वहां की हालत।भगवान भरोसे सिविल अस्पताल की व्यवस्थाएं पानी की व्यवस्था नहीं, इसलिए शौचालय पर ताला मरीज अपने इलाज हेतु भटक रहे हैं वही एक बिना मां की बच्ची को लेकर महिला काफी परेशान हाल दिखाई दे रही थी मरीजों के साथ आए अटेंडरों ने डॉक्टरों की मनमानी के आरोप लगाते हुए कहा कि इस अस्पताल की हालत बद से बदतुर हो चुकी है सारंगपुर में शासकीय सिविल अस्पताल तो बनाया गया है, मगर यहां मरीजों के लिए पानी

सार संक्षिप्त

सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती है भागवत

पचौर। श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। इसके लिए मनुष्य को निर्मल भाव से कथा सुनने और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। यह बात स्वामी रँगनाथाचार्य महाराज ने श्री मद भागवत कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ से कही । धुंधकारी के प्रसंग पर कहा कि श्रीमद भागवत कथा मृत्यु को मंगलमय करती है । भागवत महापुराण सनातन ज्ञान की सरिता है, जो युगों-युगों से प्रवाहित होती आ रही है। इसलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा जाता है। उन्होंने श्रीमद भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानव तक पहुंचता रहा है। श्रीमद भागवत कथा मानव के जड़वत जीवन में चैतन्यता का संचार करती है, जिससे जीवन सुंदर बनता है।भागवत कथा ऐसी अमृत कथा है जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। इसलिए राजा परीक्षित ने स्वर्ग के अमृत के बजाय कथामृत की मांग की थी। क्योंकि स्वर्गामृत पान करने से पुण्यों का क्षय होता है, पापों का नहीं। वहीं, भागवत कथा का अमृत पान करने से पापों का नाश होता है। संत श्री ने कहा कि हमारा भाव होना चाहिए कि हम भगवान के ओर भगवान हमारे है। संत श्री भागवत जी की विशेषता को विस्तार से बताई।

बच्चों के लिये नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप ग्राम चतरखेड़ा में 26 को

सिवनी मालवा। डॉ. आनंद पाठक शिशु रोग विशेषज्ञ नर्मदापुरम द्वारा उनके पैतृक ग्राम चतरखेडा में नि:शुल्क बच्चों की स्वास्थ्य की जांच और परामर्श के लिए कैम्प लगाया जा रहा है। उक्त जानकारी दीपक पाठक ने देते हुए बताया कि शिशुओं की स्वास्थ्य सेवा के लिए उक्त कैम्प 26 मई 2022 को प्रात: 9.30 से 1.30 तक स्थान पाठक निवास ग्राम चतरखेडा में लगेगा। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.आनन्द पाठक शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे।

नगरी निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आरक्षण कल

सिवनी मालवा। मध्य प्रदेश नगर पालिका अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण नियम 1994 के दिशा निर्देशों के अंतर्गत जिला नर्मदापुरम के कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में सायं 4 से नगर पालिका इटारसी, नगर पालिका सिवनी मालवा, नगर पालिका पिपरिया, नगर परिषद माखन नगर, नगर परिषद बनखेड़ी तथा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के आरक्षण की प्रक्रिया अंतर्गत जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, जिला पंचायत नर्मदापुरम के कलेक्टर सभाकक्ष में 25 मई 2022 को प्रात: 10 से तथा सरपंच और पंच का आरक्षण जनपद पंचायत सभा कक्ष सिवनी मालवा में प्रात: 10 बजे से किया जावेगा।

दंपति ने कलेक्टर से की शिकायत

विदिशा। सिरोंज तहसील के अंतर्गत ग्राम ओखलीखेड़ी में रहने वाली एक दंपत्ति ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए उन्होंने बताया कि उनकी जमीन नापने के लिए कई बार आवेदन दिए गए हैं, लेकिन पटवारी उनकी जमीन नाप नहीं रहे। फरियादी कंछेदीलाल और कलाबाई ने बताया कि पटवारी द्वारा रुपयों की मांग की गई। उसके बाद भी पटवारी द्वारा नपती का काम नहीं किया जा रहा है। उनके परिवार के अलावा भी और कई परिवार हैं, जिनकी नपती नहीं की जा रही है। सिरोंज तहसीलदार और एसडीएम को ज्ञापन दिया था, बावजूद इसके सुनवाई नहीं होने के कारण जिला मुख्यालय पर आना पड़ा।

स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी की पहल पर युवाओं का सपना होगा साकार

आठ एकड़ भूमि पर बनेगा खेल स्टेडियम

गैरतगंज। नगरीय क्षेत्र गैरतगंज को जल्द ही बहुप्रतीक्षित खेल स्टेडियम की सौगात मिलेगी। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और क्षेत्रीय विधायक डा. प्रभुराम चौधरी की विशेष पहल पर नगर के युवा खिलाड़ियों की यह मांग पूरी होने जा रही है। खेल स्टेडियम आठ एकड़ भूमि पर लगभग एक करोड़ की लागत से बनेगा। नगर के वार्ड क्रमांक 12 गैरतपुर में खेल स्टेडियम बनाया जाएगा। राजस्व एवं नगर परिषद ने खेल स्टेडियम बनाए जाने के लिए भूमि का चिन्हांकन कर लिया है। खेल स्टेडियम बनाए जाने की पहले चरण की प्रक्रिया के तहत सरकारी अमले ने प्रस्तावित शासकीय भूमि खसरा नंबर 181/1 क्षेत्रफल 4.177 हेक्टेयर में से 8.44 एकड़ भूमि का मौके पर निरीक्षण कर उसे खेल स्टेडियम निर्माण के लिए चिन्हित किया है। यह स्टेडियम लगभग एक करोड़ की राशि से नगर परिषद द्वारा बनाया जाएगा। लंबे समय से खिलाड़ियों द्वारा नगर में खेल स्टेडियम बनाए जाने की मांग की जा रही थी। जिसे क्षेत्र के विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के सामने रखा था। मुख्यमंत्री से स्वीकृति मिलते ही विभाग के अधिकारी स्टेडियम निर्माण के लिए प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी करने में जुट गए हैं। इससे नगर एवं क्षेत्र भर के खिलाड़ियों में खुशी की लहर है तथा वे उत्साहित हैं। नगर परिषद सीएमओ रितु मेहरा ने बताया कि प्रारंभिक कार्यवाही की जा रही है जल्द ही नगर के खेल प्रेमियों को खेल स्टेडियम बनाकर तैयार कराया जाएगा। गौरतलब है कि नगर एवं आसपास के क्षेत्र में कई वर्षो से खेल स्टेडियम की आवश्यकता महसूस की जा रही थी तथा इसके अभाव में युवा प्रतिभाएं पलायन को मजबूर थीं। युवा खिलाड़ी खेल स्टेडियम की मांग लगातार कर रहे थे। इस स्टेडियम के बनने के बाद न केवल नगर की युवा प्रतिभाओं को लाभ मिलेगा अपितु क्षेत्र भर इससे लाभान्वित होगा। राजस्व एवं नगर परिषद के अमले ने संयुक्त रूप से भूमि का चिन्हांकन किया। जिसमें राजस्व निरीक्षक हेमराज मेहर, पटवारी मुकेश पुलिस्त एवं कस्बा पटवारी हरिओम विश्वकर्मा द्वारा अमले के

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में पारंगत करने शिक्षकों के प्रशिक्षण का दूसरा चरण आज से

गैरतगंज। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में पारंगत करने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर प्राथमिक शालाओं में काम करने वाले शिक्षकों को एफएलएन प्रशिक्षण दूसरा चरण 24 मई से बीआरसी भवन में शुरू होगा।

मिशन अंकुर के तहत राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्राथमिक शाला में कक्षा 1 एवं 2 में पढ़ाने वाले प्राइमरी शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का पहला चरण सम्पन्न हो चुका है। दूसरे चरण की शुरुआत 24 मई मंगलवार से बीआरसी भवन में होगी। बीआरसीसी राकेश सोनी एवं प्रशिक्षण प्रभारी बीएसी मनोज नायक ने बताया कि नियम निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि शाला में पढ़ाई का अच्छा कार्य हो सके। प्रशिक्षण के दूसरे चरण में 90 शिक्षक सहभागिता करेंगे। प्रत्येक चरण में पांच दिवसीय यह प्रशिक्षण गैरतगंज ब्लॉक में 3 चरणों में दिया जा रहा है। सभी प्राथमिक शाला के लगभग ढाई सौ शिक्षकों को यह प्रशिक्षण अलग-अलग चरणों में मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जाएगा। जनपद शिक्षा केंद्र गैरतगंज द्वारा पहला चरण सम्पन्न करने के बाद दूसरा चरण 24 मई से एवं तीसरा चरण 30 मई से आयोजित किया जाएगा। शिक्षकों की अनिवार्य उपस्थिति वाले इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा सभी शिक्षकों को आदेश जारी किए गए हैं।

पुलिस ने बड़ी मात्रा में पकड़ी नशीली सिरप

रीवा

रीवा पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन एवं एडिशनल एसपी मऊगंज विवेक लाल के निर्देश व एसडीओपी नवीन दुबे के मार्गदर्शन में हनुमाना थाना प्रभारी शैल यादव ने बड़ी सफलता हासिल की है आपको बताना चाहेंगे बीती रात बनारस से रीवा की ओर लाई जा रही नशीली कफ कफ सिरप की खेप जो कि 16 बोरियों में इनोवा कार के अंदर रखी थी गाड़ी समेत जप्त की है जिसकी कीमत 600000 के आसपास बताई जा रही है। वहीं आरोपियों की बात करें तो अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए है फिलहाल पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की है आगे की कार्यवाही जारी है । इस बारे में एडिशनल एसपी रीवा शिवकुमार वर्मा का कहना है कि मुखबिर द्वारा सूचना उपरांत चाकघाट पुलिस ने चेकिंग करते हुए एक संदिग्ध हालत मे खडी इनोवा कार देखी गाड़ी की तलाशी लेने पर उसके अंदर से 16 बोरियों में रखी 4000 शीशी नशीली कफ सिरप की खेप इनोवा कार के साथ पकडी है जिसकी कीमत ?600000 के आसपास है आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले जिनकी तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि रीवा पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों एवं जिले में अवैध कार्यों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के लिये कानून-व्यवस्था एवं समाज में अमन चैन सर्वोपरि है। इस दृष्टि से रीवा रेंज आईजी के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में

दिलीप क्लब झाबुआ में स्केटिंग रिंग एवं ट्रायबल म्यूजियम का निर्माण का भूमि पूजन आज

झाबुआ। झाबुआ का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व वाली इमारत ''दिलीप क्लब'' को म्यूजियम के रूप में विकसित किए जाने की योजना सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। इस म्यूजियम के साथ-साथ स्केटिंग रैंज भी निर्मित किया जा रहा है।

संपादकीय

फर्जी गरीबों की पहचान जरूरी

देश में गरीबी का अजीबो गरीब गोरखधंधा लंबे अरसे से चलता आ रहा है। गरीबों को मिलने वाली विभिन्न शासकीय सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए गरीबी रेखा से ऊपर रहने वालों के बीच भी गरीबी रेखा से नीचे जाने की होड़ लगी हुई है। यही वजह है कि आजादी के बाद से गरीबों के हित को ही मद्देनजर रख कर बनाई जाने वाली तमाम योजनाओं के क्रियान्वयन के बावजूद देश में गरीबों की संख्या कम होने की जगह बढ़ती ही जा रही है। जाहिर है इसमें बड़ी संख्या फर्जी गरीबों की है जो गरीबों के हक को छीन रहे है और कथरी ओढ़कर घी खा रहे है। साधन संपन्न लोग भी बीपीएल कार्ड आसानी से बनवा लेते है और गरीबों को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाते है। वोट बैंक की राजनीति के चलते कोई भी राज्य सरकार इन फर्जी गरीबों के खिलाफ भी कार्यवाही करने से हिचकिचाती है। न ही केन्द्र सरकार ने कभी इन फर्जी गरीबों की पड़ताल करना जरूरी समझा है जबकि देशहित में यह बेहद जरूरी है कि ऐसे फर्जी गरीबों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएं। इस दिशा में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अनुकरणीय कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुनाही कराकर ऐसे फर्जी गरीबों को अपना बीपीएल कार्ड सरेंडर करने की चेतावनी दी थी और कहा था कि निर्धारित तिथि के भीतर जो अपात्र लोग अपना बीपीएल कार्ड जमा नहीं करेंगे उन्हे अब तक मिली सभी प्रकार की छूटों का भुगतान करना पडेगा। योगी सरकार के इस ऐलान के बाद फर्जी गरीबों में हड़कंप मच गया और उत्तर प्रदेश में फर्जी बीपीएल कार्ड सरेंडर करने वाली की भीड़ उमड़ने लगी। इसी तरह की कार्यवाही देश के अन्य राज्यों में भी की जानी चाहिए तभी फर्जी गरीबों का खुलासा हो पाएगा और जो वास्तविक गरीब है उन्हे और ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराई जा सकेंगी। जब वास्तविक गरीबों को अधिक सुविधाएं और छूट मिलेगी तभी उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा और देश के माथे पर लगे गरीबी के कलंक का टीका हट पाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तर प्रदेश सरकार की इस पहल से अन्य राज्य सरकारें भी प्रेरणा लेंगी और अपने अपने राज्यों में ऐसे फर्जी गरीबों की जांच पड़ताल कर उनके बीपीएल कार्ड निरस्त करेंगी। इस मामले में केन्द्र सरकार को भी एक सुस्पष्ट नीति बनानी होगी और गरीबी रेखा का नए सिरे से निर्धारण करना होगा।

मंहगाई से थोड़ी राहत मिलेगी

राजेश माहेश्वरी

जाहिर है इस संकट से सारी दुनिया जूझ रही है और कई पड़ोसी देश दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गये हैं, लेकिन अपना घर संभालने की जिम्मेदारी तो सरकार की ही बनती है। तमाम मौद्रिक उपायों के साथ ही सरकार को महंगाई कम करने के लिये अतिरिक्त उपाय करने होंगे। लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को भी संबल देना ही होगा। ऐसे में विश्वास किया जाना चाहिए कि केंद्र सरकार के हालिया कदम से लोगों की मुश्किलों में कुछ कमी आयेगी। मौजूदा वैश्विक संकट में महंगाई का ताप कम करना हर सरकार का नैतिक दायित्व होना चाहिए क्योंकि दो साल के कोरोना संकट की वजह से देश के अस्सी करोड़ से अधिक लोगों की आय का संकुचन हुआ है। ऐसे में जख्मों पर मरहम जरूरी था। निस्संदेह, इस संकट में भारतीय कृषि क्षेत्र हमारी ताकत बना है। सरकार ने समय रहते गेहूं के निर्यात पर रोक लगाकर घरेलू बाजार में आम आदमी की प्राथमिक जरूरत आटे की कालाबाजारी पर रोक लगाने की सार्थक पहल की है। महंगाई कम करने के लिये केंद्र व राज्यों के साझे प्रयास जरूरी हैं।

केंद्र सरकार ने पिछले दिनों पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाकर जनता को मंहगाई से राहत देने की ओर एक कदम बढ़ाया है। असल में देश में खुदरा महंगाई अप्रैल में बढ़कर आठ साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। इस दौरान थोक महंगाई भी बढ़कर 17 साल के उच्च स्तर के पहुंच गई। निस्संदेह पिछले आठ साल की सबसे अधिक खुदरा व नौ साल की सर्वाधिक थोक मुद्रास्फीति झेल रही जनता को इससे कुछ न कुछ राहत अवश्य मिलेगी। इससे जहां मालभाड़ा कम होगा, वहीं खाद्य महंगाई में कुछ कमी की उम्मीद जगी है। ऐसे में अब राज्यों पर दबाव है कि वो भी वैट कम करें ताकि लोगों को और राहत मिल सके। बाजार विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में ऐसे और कई कदम उठाए जा सकते हैं। सरकार खाद्य तेल और इंडस्ट्रीज में काम आने वाले कच्चे माल पर आयात शुल्क कम करने पर विचार कर रही है। वास्तव में इस साल कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले आसमान छूती महंगाई मोदी सरकार के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गई थी।

दरअसल, देश के केंद्रीय बैंक ने भी संकेत दे दिये थे कि पेट्रो उत्पादों की कीमत में कमी के बिना महज मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाना मुश्किल होगा। और आखिरकार भारत सरकार को देश की जनता के दर्द और गुस्से के सामने झुकना ही पड़ा। यही लोकतंत्र की ताकत है। पेट्रोल 9.5 रुपए और डीजल 7 रुपए प्रति लीटर सस्ते किए गए हैं। सरकार ने पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क कम किया है। नवंबर, 2021 में चुनावों की घोषणा के मौके पर भी केंद्रीय टैक्स कम किया गया था। कुल टैक्स कम करने से पेट्रोल पदार्थ कोरोना महामारी से पहले वाले स्तर पर आ गए हैं। डीजल का दाम घटने से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। जानकारों का कहना है कि खरीफ का सीजन आने वाला है। जिसमें धान की रोपाई के लिए खेत की अच्छे से जोताई करनी पड़ती है। इसमें किसानों को घंटों तक ट्रैक्टर चलाना मजबूरी हो जाता है। डीजल के दाम में इजाफा होने से उनकी लागत बढ़ रही थी, लेकिन एक्साइज ड्यूटी कम होने से उन्हें काफी राहत मिलेगी और प्रति लीटर बचत से उनकी लागत घट जाएगी। इस फैसले से छोटे-बड़े किसानों को काफी राहत मिलने वाली है।

इतना ही नहीं करीब 9 करोड़ उज्ज्वला गैस लाभार्थियों को भी साल में बारह सिलेंडरों पर प्रति सिलेंडर दो सौ रुपये की छूट देने की भी घोषणा की है। यह जरूरी भी था, क्योंकि 90 लाख से ज्यादा उज्ज्वला लाभार्थियों ने पहला सिलेंडर ही नहीं भरवाया था। यह आंकड़ा सरकार के पास होगा। खासतौर पर इसका फायदा रूरल एरिया के उज्जवला कनेक्शन लेने वाले एलपीजी कंज्यूमर्स को होगा। वहीं डीजल का रेट कम होने के साथ ही खाद्य पदार्थों जैसे फल, सब्जी, तेल आदि के ट्रांसपोर्टेशन चार्ज कम होने पर इनके रेट में भी कमी आएगी। बीते साल नवंबर में भी केंद्र सरकार ने पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाया था। उसके बाद भाजपा व एनडीए शासित राज्यों ने भी पेट्रो उत्पादों पर से वैट घटाया था। लेकिन विपक्ष शासित राज्यों ने इसका अनुकरण नहीं किया। इस बार केंद्र सरकार द्वारा की गई कटौती के बाद राजस्थान, ओडिशा व केरल ने अपने राज्यों के लोगों को राहत देने का प्रयास किया है।

बेशक तेल पर उत्पाद शुल्क कम करने से सरकार का राजस्व करीब एक लाख करोड़ रुपए कम हो जाएगा और उज्ज्वला सबसिडी के कारण भी 6100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ सरकार पर पड़ेगा, लेकिन महंगाई और मुद्रास्फीति को कम करने के लिए आम आदमी को यह राहत देना बेहद जरूरी था। इसके अंजाम कुछ भी हो सकते थे। औसत घर का बजट बिगड़ चुका था। जनता लगातार महंगे होते तेल और ईंधन गैस की मार झेलते हुए गुस्साने भी लगी थी। बीते कुछ दिनों में शीर्ष स्तर पर बैठकें की जा रही थीं और प्रधानमंत्री मोदी ने भी हस्तक्षेप किया कि पेट्रोल, डीजल, गैस को कुछ सस्ता किया जाए।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भी अनुशंसा की थी कि सरकार अपने हिस्से के उत्पाद शुल्क को घटाए, क्योंकि मालभाड़ा भी एक साल के अंतराल में 20 फीसदी से अधिक बढ़ चुका था, नतीजतन रोजमर्रा की बुनियादी चीजें भी महंगी हो रही थीं। थोक मूल्य सूचकांक और खुदरा महंगाई दर अपने उच्चतम स्तर पर हैं, लिहाजा सरकार को यह फैसला लेना पड़ा। यकीनन भारत सरकार का यह संवेदनशील फैसला है। अब पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 19.90 रुपए और डीजल पर 15.80 रुपए प्रति लीटर होगा। बेशक 2014 की तुलना में यह टैक्स भी काफी ज्यादा है, लेकिन बीते 8 सालों के दौरान अर्थव्यवस्था ने भी कई करवटें ली हैं। वैसे बीते 3 सालों के दौरान सरकार ने तेल पर उत्पाद शुल्क से 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक कमाए हैं। यह खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की स्वीकारोक्ति है। 2014 से आज तक सरकार इस टैक्स के जरिए 26-27 लाख करोड़ रुपए वसूल चुकी है।

बहरहाल सरकार की कर-व्यवस्था पर ज्यादा सवाल नहीं किए जाने चाहिए, क्योंकि वही पैसा देश के आधारभूत ढांचे, विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जाता रहा है, लेकिन टैक्स विवेकसम्मत हो, तो आम आदमी की कमर नहीं टूटती। अर्थशास्त्रियों का भी मानना है कि उत्पाद शुल्क कुछ और कम किया जा सकता है। यदि इसे 14 रुपए और 10 रुपए कर दिया जाए, तो सरकार को बहुत ज्यादा नुकसान नहीं होगा। अलबत्ता तेल जरूर सस्ता हो जाएगा और आम उपभोक्ता को राहत मिलेगी। केंद्र सरकार के इस फैसले के अनुपात में ही राज्य सरकारें अपना वैट या टैक्स कम करें, तो आम आदमी को तेल बहुत सस्ता मुहैया कराया जा सकेगा।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि महंगाई बढ़ाने में रूस-यूक्रेन युद्ध की सबसे बड़ी भूमिका है। इससे वैश्विक बाजार में न सिर्फ कच्चे तेल और कमोडिटी की कीमतें बढ़ी हैं बल्कि उत्पादन लागत पर भी असर पड़ा है। केंद्र सरकार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पूरी तरह से महंगाई को कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि खाद सब्सिडी देने के लिए अतिरिक्त 500 अरब रुपये की आवश्यकता होगी। हाल ही में एसबीआई ने भी एक रिपोर्ट में कहा था कि देश में महंगाई बढ़ाने में 59 फीसदी भूमिका यूक्रेन युद्ध की है।

कविता

चन्द्रकांत खुंटे

उल्टी जग की रीत

तन सुथरा मन मैला, उल्टी जग की रीत।
कोई न समझे पीर पराई, कोई न जाने प्रीत।
जो जानै नजर बाचने, लेवै हृदय को जीत।
क्षुब्ध में जो होवै शामिल, वही सच्चे मीत।
चोंट में लगावै मरहम, सुख के लेवै गीत।
जो न देखै निज-पराये,उसी के निर्मल चित।
जो करै पर भलाई, होवै उसी की जीत।
धरे धरम फूटे करम,करे जन-जन गुमराह।
कोई न समझे यथार्थ को, कोई न जाने गुनाह।
जो जानै तर्क करना, त्यों जानै गहराई अथाह।
मिथ्या पे उठाएं सवाल, सत्य का लेवै पनाह।।
दरिद्र को देवै भोजन, शोषित का सुनै कराह।
जो न देखै लघु-दीर्घ, वही राखै सुमता सलाह।
जो रहै जागरूक जन, खामियों में रखै निगाह।।
स्थिर कर्म मुख चंचल, रंग-रंग साजे पोशाक।
दृश्य देख जन भ्रमित, परखे न कोई चालाक।।
अंधभक्ति में डूबे जन, यथार्थ न जानै पाक।
जो उठाएँ ऊँगली तो, दिखाएं पद-प्रतिष्ठा धाक।
मसल देते ध्वनि को, होते बहुत खतरनाक।
भाँति-भाँति के बनाएं दल, इरादे होते नापाक।
दरिद्र सेवक बने रहे, प्रगति पर लगाते ढाक।।

संतोष मिरी हेम

महँगाई

महँगाई टीप मा चघा के, थोकिन उतार देथच।
वाह रे! तोर गोठ, तँय सबला भूलवार देथच।
गजब बाढ़े ये महँगाई ला, गोठ मा सुधार देथच।
गरिबहा के पइसा ला, घरिक मा चतवार देथच।
अंधियारी म बइठे समारू,थोकिन दीया बार देथच।
होथे थोकिन जोर तहाँ ला, फेन दीया टार देथच।
कइसे बिसाही दार समारू, कतका महँगा दार देथच।
सुक्खा-सुक्खा कइसे लिलव, जियत मा मार देथच।
घोलहा अंडा कस तँय हर, उपर ला सँवार देथच।
काम करे के पारी आथे ता, हाथ ला टार लेथच ।
कहिथस मँय सबले बढ़िया, पेट्रोल ला सुधार देथच।
गाड़ी वाला ला मोहथस, साइकिल ला दुत्कार देथच।
करिया धन लानिहा कहिके, बना तँय सरकार लेथच।
भरस्टाचार मिटाय के बारी मा, अलकरहा उधार लेथच।
जतको होथे लोभ लुभावन, नेवता झाराझार देथच।
आथे जब देहे के बेरा, महँगा खिचड़ी मेंझार देथच।

अखिलेश यादव भी आत्मघाती राजनीति के नमूने बन गए

विष्णुगुप्त

राजनीतिक रणनीति की समझ की कसौटी पर अखिलेश को देख लीजिये। मुलायम सिंह यादव के विरोध के बावजूद अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ समझौता किया। कांग्रेस की औकात से ज्यादा विधान सभा सीटें दी थी। दुष्परिणाम क्या निकला? अखिलेश की सरकार चली गयी और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद हासिये पर खड़ी भाजपा को सत्ता प्राप्त करने में सफलता मिली। 2019 के लोकसभा चुनावों में फिर अखिलेश ने आत्मघाती निर्णय लिये। सपा और बसपा में समझौते हुए। सपा और बसपा मिलकर चुनाव लड़े। बसपा को सपा से अधिक सीटें मिली। पिछले लोकसभा चुनावों के बाद मायावती ने बयान दिया था कि सपा के कारण बसपा को प्रत्याशित सीटें नहीं मिली और भविष्य में कभी भी सपा के साथ समझौते नहीं करेगी।

अखिलेश यादव भी आत्मघाती और जगहंसाई राजनीति का नमूना बनते जा रहे हैं। इस कसौटी पर उनकी तुलना राहुल गांधी से हो रही है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच बहुत सारी समानताएं भी है। ये दोनों वंशवादी राजनीति की उपज हैं। दोनों के पिता और अन्य रिश्तेदार राजनीति के सिरमौर रहे हैं। राहुल गांधी के माता, पिता, दादा-दादी और परनाना राजनीति के सिरमौर रहे हैं जबकि अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव समाजवादी पार्टी के जनक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री रह चुके हैं, मुलायम सिंह यादव एक बार देश के प्रधानमंत्री बनते-बनते रह गये थे, लालू प्रसाद यादव ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने से रोक दिया था और एच डी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बनने में सफल हुए थे। राहुल गांधी और अखिलेश यादव दोनों विदेश में पढ़े हुए हैं पर दोनो की विदेशी डिग्रियों पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। दोनों पर यह आरोप लगते रहा है कि खानदानी विरासत को अक्षुण रखने में असफल साबित हुए हैं और अपनी अज्ञानता और अकुशलता के साथ ही साथ अदूरदर्शिता का प्रदर्शन कर खानदानी विरासत को नुकसान पहुंचाते रहे हैं और अपमानित करने साथ ही साथ जगहंसाई भी कराते रहे हैं। यह सही है कि राहुल गांधी अपनी पार्टी कांग्रेस को संभालने में पूरी तरह से असफल साबित हुए हैं और कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस दो दर्जन से अधिक चुनावों में हार चुकी है। जबकि अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी भी कई चुनाव हार चुकी है। समाजवादी पार्टी अब बेहद कमजोर हो चुकी है और अखिलेश यादव के परिवार में भी सबकुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। अखिलेश के भाई प्रतीक की पत्नी अर्पणा यादव भाजपा में चली गयी है जबकि चाचा शिवपाल यादव के बगावती रूख भी जगजाहिर है।

राजनीति में राजनेताओं के पुत्रों और पुत्रियों के ज्ञान, दूरदर्शिता और समझ को देखकर निराशा ही होती है। वर्तमान राजनीति में सिर्फ अखिलेश यादव और राहुल गांधी ही जगहंसाई और आत्मघाती राजनीति के नमूने नहीं है बल्कि इसके नमूने और भी है। राहुल गांधी की बहन प्रियका गांधी, लालू के पुत्र तेजप्रताप यादव, वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह, नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार, प्रकाश सिंह बादल के पुत्र सुखबीर सिंह बादल आदि इसके दर्जनों उदाहरण हैं। वसुंधरा राजे का पुत्र दुष्यंत सिंह सांसद हैं और प्रकाश सिंह बादल का पुत्र सुखबीर सिंह बादल पंजाब का उप मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं पर इनकी राजनीतिक दूरदर्शिता वैसी तो नहीं है जैसी राजनीतिक दूरदर्शिता इनके माता-पिता और अन्य पूर्वजों की रही है। लालू के पुत्र तेज प्रताप यादव की नौटंकी कौन नहीं जानता है? तेजप्रताप यादव अपनी हरकतों से राजनीति को प्रहसन बना दिया है। नीतीश कुमार का पुत्र अभी राजनीति मे नहीं है पर नीतीश कुमार की तरह उनमें प्रतिभा की कमी महसूस की जा सकती है। हरियाणा में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के पुत्र दीपेन्द्र सिंह हुड्डा की भी राजनीति समझ पर प्रश्न उठते रहे हैं। वंशवादी राजनीतिज्ञ अपने वंशजों को ऐसोआराम की जिंदगी देते हैं, पंचसितारा की संस्कृति देते हैं, पैसे के बल पर शिक्षा की डिग्रियां हासिल करा देते हैं। प्राइवेट शिक्षा संस्थानों से पैसे के बल पर धनपशु और राजनीतिज्ञ मनमाफिक डिग्रियां खरीद लेते हैं।

अब यहां यह प्रश्न उठता है कि जगहंसाई राजनीति और आत्मघाती राजनीति में अखिलेश यादव कितने डूबे हुए हैं और इनके जगहंसाई वाले बोल क्या-क्या हैं? ताजा उदाहरण तो ज्ञानबापी का है। ज्ञानबापी के प्रश्न पर उन्होंने ने एक बार फिर हिन्दुओं को अपमानित करने और अपने जनाधार को भी कमजोर करने वाली बयानबाजी से बाज नहीं आये। उन्होंने कह डाला कि कही भी पत्थर रख दो, पत्थर पर सिंदूर लगा दो, मंदिर बन जायेगा। इसका सीधा अर्थ हिन्दुओं की भावनाओं को आहत करना है। पिछले विधान सभा चुनावों के दौरान वे अयोध्या गये, अयोध्या में एक मंदिर में भी गये पर रामजन्म भूमि मंदिर में नहीं गये। रामजन्म भूमि मंदिर नहीं जाने पर आत्मघाती संदेश चला गया। राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने के काफी पहले उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति में राममंदिर नहीं बनने दूंगा। जब मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने अयोध्या में पंचकोशी परिक्रमा पर बल का प्रयोग किया था जिसमें कई संतों की चोटें आयी थी। अखिलेश के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने विदेश से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की थी पर अपने शासनकाल के दौरान वे हज हाउस और कब्रिस्तान बना रहे थे। पिछले विधान सभा चुनाव के दौरान उन्होंने कहा था कि उनके सपने में कृष्ण आते हैं और आश्वासन देते हैं कि तुम्हारी सरकार बनने वाली है। इसके खिलाफ भाजपा का कहना था कि फिर अखिलेश कृष्ण जन्म भूमि को मुक्त करने के लिए आगे क्यों नहीं आते हैं?

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुर्गा अउ सरकार

मुर्गा अउ सरकार के सोच म एक खास समानता हे. मुर्गा जइसे समझथे- वोकरे बॉग दे ले ही सुरूज ऊथे ठउका सरकार घलो अइसनेच भरम म रहिथे- वोकरेच ढिंढोरा पीटे म ही लोगन के जिनगी म अच्छा दिन आथे. ए तो सुरूज के निरंतरता अउ लोगन के जबर मेहनत के भरोसा सेती हर युग म हर काल म अउ हर हाल म अंधियारी के छाती चीर के वो ह सुख के अंजोर परघाथे जिनगी ल महकाथे दुनिया ल सजाथे।

-सुशील भोले

किनारे पर भी

किनारे पर भी कश्ती को बवंडर घेर लेता है । समझते हैं ?वहीं जिनको ये मंज़र घेर लेता है । मुझे जब भी, ये लगता है कि मैं अब जीत जाऊंगा, नतीजे मेरी मेहनत के मुकद्दर घेर लेता है।

- कवि अंकित चहल विशेष

ख़ास पाती

दिली चोट को जानना चाहिए

दिली चोट को जानना चाहिए था।। तभी अपनों का आसरा चाहिये था।। भरोसा किया जिन पे उन्ही ने तोड़ा इसे सहने का हौसला चाहिए था।। सभी रिश्ते नाते दिये तोड़ हमने सभी को यहाँ बुत-कदा चाहिए था।। संभाला बहुत दर्द को फ़लक तक मगर आँसुओ को पता चाहिये था। कभी जख्म को देख लेते ये रिश्ते कि सच का नही सामना चाहिये था। मकाँ थे मगर घर नही थे कहीं पर मुहब्बत नही तजरिबा चाहिये था।। खुशी में जरूरत नही है किसी की हकीकत में गम बाँटना चाहिये था।। घने साए माफिक चली मुश्किलें थी चले दूर तक वो रहनुमा चाहिये था। **- वंदना भट्नागर**



मैं और मेरी तन्हाई विचारों की

मैं और मेरी तन्हाई विचारों की गहराई। मेरे अवसाद लेखन की शुरुआत मेरे जज्बात बिगड़ते हालात हमारी बात कुछ विसंगतियां कुछ विचलन कुछ तड़प कुछ झड़प। कुटिल चाल बेवजह के बवाल कुछ मालामाल कुछ कंगाल ! अजीब हाल सभी बेहाल बेवजह के सवाल ने जन्म दिया मेरे बेतरतीब-शब्दों को ये छोटे-छोटे मन के विद्रोह बनते रहे मेरी रचनायें। कुछ भी तो फर्क नहीं पड़ता मेरे शब्दों से दुनिया को। बस एक झूठा आत्म-संतोष। जैसे गिलहरी ने, प्रभु राम के। पुल-निर्माण में, किया था सहयोग। **- तनु युग भारद्वाज**

रूठना मनाना अब कब तक

रूठना मनाना अब कब तक चलेगा जी मानूँ आपकी में आप मेरी मान जाइये मुँह को फुलाये हुए बैठेंगे जी कब तक चलिए थोड़ा सा अब आप मुस्कुराइये मन बहलाने हेतु वक्त को बिताने हेतु सुनिए जी मेरी कुछ अपनी सुनाईये कविता में वीर रस ,आपको सुनाने आया, पहले आप ज़ोर से, ताली तो बजाइये। **- संजय कुमार गिरि**



पड़ाव

कई यात्राएं की मैने कई सहयात्री मिले पते भी लिये कुछ से अब भी बात होती है कुछ रास्ते में उतर गये कुछ याद ही नही रहे मैं भी किसी को अजीज था अब याद न रहा यात्रा अब भी जारी है वह कहीं उतर गई बीच में मैं उतरने वाला हूं मेरा पड़ाव आता ही होगा

- डॉ किशोर अग्रवाल

दुन्या लिखती गड़बड़ झाला अच्छी

दुन्या लिखती गड़बड़ झाला अच्छी लगती यार गजल। हम भी लिखते सोच समझकर होती है बेकार गजल। चार चुटकुले सात शेर में बीस तरन्नुम का लटका वाह वाह लंबी ताली बजती लगती है दमदार गजल। महफिल में शुहरत की हसरत पड़ी जेब पर यह भारी मनीराम छह कविता वादा ऐसे मिली उधार गजल।

- अंशु विनोद गुप्ता

नौ दिन में चले हैं अढाई कोस

नौ दिन में चले हैं ढाई कोस कितना माद्दा, कितना जोश उभरे डूबे यहाँ वहाँ मदहोश तब शर्म ही थी न अफसोस लुटा जब सब तो आया होश तबसे तू खामोश मैं खामोश।

- जावेद उस्मानी



कब तक मेरे भाग्य में तुमने

कब तक मेरे भाग्य में तुमने लिखी प्रतीक्षा त्रिपुरारी सदियाँ बीती अब तक अंत हुई नहीं मेरी लाचारी तुम पर त्रास हुए अरु मेरी भक्ति ने अपमान सहा क्या मेरी पीड़ा को समझ सकेगी ये दुनिया सारी।

- पूजा बंसल

QUIZ TIME

1) किस शहर ने वैश्विक सहयोग उन्नत वैक्सीनोलॉजी प्रशिक्षण बैठक की मेजबानी की?
2) किस देश ने अपने संविधान में प्रकृति के अधिकार को मंजूरी दी है?
3) किस भारतीय कंपनी ने कनाडा के सबसे बड़े भुगतान संगठन पेमेंट्स कनाडा के साथ भागीदारी की है?
4) किस राज्य सरकार ने राज्य शिक्षा नीति तैयार करने के लिए एक पैनल का गठन किया?
5) नीति आयोग का उपाध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जेनेवा (2) चिली (3) टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (4) तमिलनाडु (5) सुमन बेरी

आज का इतिहास

नई दिल्ली ।1611: मुगल शासक जहांगीर ने मेहरून्निसा से निकाह किया जो इतिहास में नूरजहां के तौर पर जानी जाती हैं। 1877: यात्रियों से भरा स्टीमर 'सर जॉन लारेंस' ओडिशा तट के पास डूब गया, जिसमें कुल 732 लोग सवार थे। 1961: अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी ने देश के अंतरिक्ष अभियान की शुरुआत के लिए लाखों डॉलर की राशि की घोषणा की। उन्होंने वर्ष 1970 तक अमेरिका को चांद पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा था। 1963: अफ्रीकी देशों को एकजुट करने के इरादे से 32 देशों ने अफ्रीकी संघ का गठन किया। 1985: बंग्लादेश में भारी तूफान के कारण लगभग 10 हजार लोगों की मौत। 1989: मिखाइल गोर्बाचेव सोवियत संघ के कार्यकारी राष्ट्रपति चुने गए। 1991: इजरायल ने 14 हजार यहूदियों को इथियोपिया से निकाला। 1995: अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार जीवित जीव के डीएनए को डीकोड करने में सफलता मिली। 1998: यूरोपीय संघ के सदस्य देश परमाणु परीक्षणों के कारण भारत पर प्रतिबंध न लगाने के लिए सहमत हुए। 2003: चिली ने विश्व कप टेनिस का खिताब पहली बार जीता। 2008: अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा द्वारा भेजा गया रोबोट मंगल ग्रह पर उतरा। 2011: द ओपरा विनफ्रेशो की अंतिम कड़ी का प्रसारण। सबसे लंबे समय तक प्रसारित हुए इस टेलीविजन कार्यक्रम ने ओपरा को अमेरिका की सबसे रईस और प्रभावी शख्सियत बना दिया। 2012: स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के साथ मिलने वाला पहला व्यावसायिक अंतरिक्ष यान बन गया।

सार-समाचार

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बने हेमंत धाकड़

गैरतगंज। भारतीय जनता युवा मोर्चा गैरतगंज मंडल अध्यक्ष पद पर क्षेत्र के युवा नेता हेमंत धाकड़ का मनोनयन किया गया है। उनके मनोनयन के बाद स्वास्थ्य मंत्री डा.प्रभुराम चौधरी सहित क्षेत्रीय नेताओं, क्षेत्रवासियों ने उन्हे बधाई दी है। युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद हेमंत धाकड़ ने कहा है कि संगठन की मजबूती एवं शासन की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा। वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊंचाई तक ले जाने का कार्य करेंगे। उन्होने मनोनयन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।

शीघ्र शुरू कराई जाए छात्र संघ चुनाव प्रक्रिया : मोहम्मद अयाज खान

मनावर । छात्रसंघ चुनाव प्रणाली छात्रों की आवाज़ है परंतु 2017 से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। छात्रसंघ चुनावों की मांग छात्र हमेशा से उठाते रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अयाज़ खान ने सरकार से मांग की है कि जल्द जे जल्द छात्र संघ चुनाव करवाए जाएं ताकि कॉलेज और विश्वविद्यालयों में हो रही अनियमितता, अव्यवस्था के ख़िलाफ़ छात्रों के हक़ के लिए छात्रों का प्रतिनिधि लड़ सके। छात्रसंघ बनने से महाविद्यालय और विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी मनमानी नहीं कर पाते हैं, उन्हें हर निर्णय पर छात्रसंघ पदाधिकारियों को शामिल करना पड़ता है। इसलिए छात्रों के हक़ के लिए छात्रसंघ चुनाव कराये जाए, अगर सरकार छात्रसंघ चुनाव नही करवाती है तो भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन सड़क से लेकर विधानसभा तक आंदोलन करेगा।

ज्ञान सिंह जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष नियुक्त

सीधी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की अनुशंसा एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश अजय सिंह राहुल एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल की सहमति से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा ज्ञान सिंह चौहान को जिला कांग्रेस कमेटी सीधी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ज्ञान सिंह ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी , वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश के प्रभारी मुकुल वासनिक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी संजय कपूर, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, सीधी जिले के प्रभारी पूर्व मंत्री सईद अहमद सहित सभी राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर नेताओं के साथ-साथ जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कांग्रेसियों का आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है वह अपनी पूरी ऊर्जा , निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे,साथ ही सब के सहयोग से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और आने वाली चुनौतियों का जमकर मुकाबला करेंगे । ज्ञान सिंह को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस पार्टी में एक नए उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिल रहा है। उनकी नियुक्ति पर जगह जगह उनके चाहने वालों के द्वारा आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई गई । सभी कांग्रेस जनों ने यह आशा और विश्वास व्यक्त किया है की ज्ञान सिंह जी के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का संगठन अधिक मजबूती और सक्रियता के साथ काम करेगा और जिले में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। ज्ञान सिंह पूर्व में भी जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का दायित्व सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं उनके अध्यक्षीय काल में जिले की युवक कांग्रेस बेहद मजबूत और सक्रिय रही है। बड़े बड़े आंदोलनों के माध्यम से जनता की समस्याओं को सरकार के सामने मजबूती के साथ रखा जाता रहा है । युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान में वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री का दायित्व निभा रहे थे। ज्ञान सिंह की नियुक्ति पर जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों सहित जिला कांग्रेस कमेटी , महिला कांग्रेस कमेटी , युवा कांग्रेस कमेटी ,एनएसयूआई ,पिछड़ा वर्ग ,अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ,आदिवासी प्रकोष्ठ,किसान कांग्रेस ,सेवा दल एवं जिला आईटी सेल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों सहित सभी कांग्रेस के नेताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

नगर पालिका पन्ना तथा नगर परिषद गुनौर को छोड़कर पांच नगर परिषदों मे वार्ड आरक्षण की कार्यवाही आज

पन्ना। कलेक्टर संजय मिश्रा द्वारा आदेश जारी करते हुए 5 नगर परिषदों अजयगढ़, देवेन्द्रनगर, ककरहटी, अमानगंज तथा पवई में वार्डो के आरक्षण की प्रकिया 24 मई को संपन्न कराने के संबंध मे अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं। जिसमें अजयगढ, देवेन्द्रनगर तथा ककरहटी में एसडीएम एस.एन. दर्रो, अमानगंज में एसडीएम गुनौर भारती देवी मिश्रा तथा पवई में एसडीएम पवई के.एस. गौतम वार्डो के आरक्षण की प्रक्रिया संपन्न करायेंगे। दिये गये आदेश में लेख किया गया है कि अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण को पूर्वत रखते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के वार्डो का आरक्षण करेंगे। ज्ञात हो कि पन्ना नगर पालिका में छह अन्य वार्ड शामिल किये गये हैं, जिनका अभी परसीमन निश्चित नहीं माना गया है। इसलिए यहां की प्रक्रिया रोक दी गई है। इसी प्रकार गुनौर नगर परिषद नवीन गठित होने के कारण गुनौर की प्रक्रिया भी फिलहाल रोकी गई है।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-आरक्षण की कार्यवाही कल

पन्ना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार मिश्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2022 पंचों/सरपंचों जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र एवं अध्यक्ष तथा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र के आरक्षण की कार्यवाही 25 मई 2022 को पूर्वान्ह 10 बजे से डाइट पन्ना में की जाएगी। इस आशय की सूचना देते हुए कलेक्टर श्री मिश्र ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देश दिए है कि निर्धारित दिनांक को डाईट पन्ना में पूर्वान्ह 10 बजे आरक्षण संबंधी समस्त अभिलेखों के साथ

दोषी पटवारी पर कार्यवाही नहीं, जाएंगे हाईकोर्ट

सिवनी । सिवनी जिले के घंसौर अनुविभाग की धनौरा तहसील के तात्कालीन पटवारी दिनेश पटले के द्वारा पद के दुरुपयोग मामले में शिकायत जांच में दोषी पाए जाने के बावजूद कार्यवाही नहीं हुई। पटवारी दिनेश पटले पर कार्रवाई नहीं करने को लेकर शिकायतकर्ता जनपद पंचायत धनोरा उपाध्यक्ष जहानसिंह मर्सकोले के द्वारा सिवनी कलेक्टर के साथ-साथ जबलपुर कमिश्नर और राजस्व विभाग भोपाल के आला अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए दोषी पटवारी पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर कई बार पत्र लिखे गए। फिर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूरे मामले पर लिखित शिकायत की गई और इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने पूरे मामले पर संज्ञान लेते हुए दोषी पटवारी दिनेश पटले पर कार्रवाई के लिए राजस्व सचिव भोपाल मध्यप्रदेश शासन,जबलपुर कमिश्नर और सिवनी कलेक्टर को पत्र जारी किये।

जांच में दोषी पाये जाने पर भी नहीं हुई थी कार्रवाई: धनौरा के तात्कालीन पटवारी के द्वारा पद का दुरुपयोग करने के मामले पर जनपद पंचायत धनोरा के उपाध्यक्ष जहानसिंह मर्सकोले ने प्रमुख



राजस्व आयुक्त कार्यालय भोपाल में शिकायत की गई थी शिकायत जांच में दोषी पाए गए पटवारी दिनेश पटले पर कार्रवाई नही हुई तो पुनः जबलुपर कमिश्नर कार्यालय को पत्र लिखा गया जहां कलेक्टर सिवनी को जबलपुर कमिश्नर कार्यालय से कार्यवाही के लिए पत्र लिखा गया परन्तु केवल बार-बार जांच की फाईल चलाकर खानापूर्ति की जा रहीं थी।

जन चर्चा और मिली जानकारी के मुताबिक कार्रवाई करने वाले संबंधित वरिष्ठ अधिकारीयो और दोषी पटवारी के बीच रहनुमाई की रस्म अदायगी हो चुकी है और यही कारण है कि पिछले चार सालों से कार्रवाई करने के बजाए अधिकारी दोषी पटवारी दिनेश पटले की फाईल को केवल जांच के सहारे ही चला रहे हैं।

जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय से भी दोषी पटवारी दिनेश पटले पर कार्रवाई के लिए 11 अप्रैल 2022 को पत्र जारी किया जा चुका है इसके बाद भी दोषी पटवारी पर कार्रवाई नहीं की गई जबकि लापरवाही को लेकर मुख्यमंत्री ने दो-चार दिन पहले ही कलेक्टर सिवनी से वीडियो कांफ्रेंस में भू माफिया और अन्य मामले को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिये थे।

वहीं जहां एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खुले मंच से कहते हैं कि यह मेरा मध्यप्रदेश है यहां कार्रवाई होगी तो केवल गड़बड़ करने वालों पर होगी परन्तु सिवनी में तो गडबड करने वालो पर अधिकारी मेहरबान है। और कार्रवाई करने के बजाय केवल जांच की जा रही है। वही मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र के बाद भी दोषी पटवारी दिनेश पटले पर प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होना या फिर पूर्व की भांति उच्च अधिकारी कार्यालयों के पत्रों की तरह मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्रों पर भी अधिकारी दोषी पटवारी पर रहमत बरसाने पर प्रशासनिक निष्पक्षता की बात करना चिंतित विषय है।

इनका कहना है

दोषी पटवारी पर मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र पर भी यदि कार्रवाई नहीं हो पा रही है ,तो अब स्पष्ट है कि दोषी पटवारी को बचाने लीपापोती हो रही है और अब अधिकारियों के खिलाफ 25-26 मई को माननीय न्यायालय जबलपुर हाईकोर्ट में आवेदन कर रहा हूं।

जहान सिंह मर्सकोले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत

जराही की प्रीति मेश्राम ने एक साथ चार बच्चों को दिया जन्म

बालाघाट। 23 मई को जिला चिकित्सालय बालाघाट में किरनापुर तहसील के ग्राम जराही की 26 वर्षीय प्रीति नंदलाल मेश्राम ने एक साथ 04 बच्चों को जन्म दिया है। इनमें तीन लड़के एवं 01 लड़की शामिल है। चारों बच्चे स्वस्थ हैं। यह बालाघाट जिले में अपनी तरह का पहला मामला है। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ संजय धबड़गांव ने बताया कि 23 मई को जराही की प्रीति नंदलाल मेश्राम ने ऑपरेशन से 4 बच्चों को सफलतापूर्वक जन्म दिया है। ट्रामा यूनिट की विशेषज्ञ टीम में शामिल डॉ. रश्मि वाघमारे और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मेश्राम, स्टाफ सिस्टर सरिता मेश्राम एवं उनकी कुशल टीम के

द्वारा प्रातः 11 प्रीति नंदलाल मेश्राम उम्र 26 वर्ष का ऑपरेशन किया गया। जिसमें 4 बच्चों ने एक साथ जन्म लिया है। उनमें तीन लड़के एवं एक लड़की शामिल हैं। चारों बच्चों को जिला चिकित्सालय की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती किया गया है । वर्तमान में सभी चारों बच्चे स्वस्थ हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं है। इस कुशल ऑपरेशन के लिए डॉ मनोज पांडेय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला चिकित्सालय की डॉक्टरों की टीम को बधाई प्रेषित की एवं सभी को इसी प्रकार मानव सेवा करने के लिए प्रेरित किया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने वेतन वृद्धि व नियमितीकरण के लिये मुयमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नसरुल्लागंज। नसरुल्लागंज ब्लॉक की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एसबीएम दिनेश सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा और कहा कि महंगाई के कारण हमें अपने बच्चों व परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः हमारे वेतन में वृद्धि की जाए, हमारा

नियमितीकरण किया जाए वही हमारा वेतन तीन - तीन माह बाद मिलता है। जिसके कारण बच्चों के भरण-पोषण में काफी परेशानी होती है। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका गरीब वर्ग से आती हैं, हमारी मांगों को शीघ्रता से पूरा किया जाए ताकि हम अच्छे से अपने परिवार को चला सकें।

सर्व संत पुजारी ब्राह्मण महासभा के तहसील प्रभारी बने पवन वैष्णव

नसरुल्लागंज । सर्व संत पुजारी ब्राह्मण महासभा की बैठक 22 मई को भोपाल में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश महामंत्री पंडित मुकेश श्यामलाल तिवारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित ललित तिवारी की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष प्रकोष्ठ पंडित लक्ष्मणचार्य द्वारा पंडित पवन वैष्णव पिता रमेशदास वैष्णव को नसरुल्लागंज का तहसील प्रभारी बनाया गया। वहीं नवनियुक्त तहसील प्रभारी पवन वैष्णव ने कहा कि सर्व संत पुजारी ब्राह्मण महासभा मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, मैं इसके लिये धन्यवाद देता हूं। वहीं श्री वैष्णव ने कहा है कि मैं निष्ठापूर्वक कार्य करूंगा।

कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि

पन्ना। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि विगत दिवस 21 मई को पन्ना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी

के अध्यक्ष अक्षय तिवारी के संयोजन में इंद्रपुरी कॉलोनी स्थित चंद्रशेखर चिल्ड्रन पार्क में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती शारदा पाठक की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती पाठक ने कहा कि 21 मई का दिन हम सब कांग्रेसियों के लिए बहुत ही दुखद दिन था। इसी दिन ऐसे महान व्यक्तित्व की हत्या कर दी गई थी, जो इस देश को आधुनिक बनाना चाहते थे वह वास्तविक रूप से संचार क्रांति के अग्रदूत थे। लेकिन ऐसे महान नेता को हम सब से छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि उन को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि जब हम उनके सपनों को साकार करने की दिशा में काम करें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी ने कहा कि राजीव जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि जब हम आज हम सब लोग भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए संकल्प लें। कांग्रेस नेता डीके दुबे ने कहा कि गांधी परिवार ने देश के लिए त्याग व बलिदान दिए हैं , जो सदैव याद रखे जाएंगे। कॉग्रेस के हर कार्यकर्ता का यह दायित्व बनता है कि हम अपने पार्टी के नेताओं, जिन्होंने इस देश को आजादी दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है उनके इतिहास के बारे में नई पीढ़ी को बताएं। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा ने कहा कि इस देश के अंदर 18 वर्ष की युवकों को जो मत देने का अधिकार दिया गया है वह राजीव जी की ही देन है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को साकार करते हुए राजीव गांधी ने पंचायती राज कायम किया वह चाहते थे कि सत्ता का विकेंद्रीकरण हो। गांव में गांव के लोगों का काम हो इसलिए उन्होंने ग्राम पंचायतों को भी अधिकार देकर सशक्त बनाया।

कैचमेंट की भूमि पर जारी है अवैध प्लाटिंग

भोपाल। ग्राम गौरा तहसील हुजूर भोपाल में अवैध प्लाटिंग का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है, भोपाल की भोली भाली जनता को अवैध प्लाटिंग के ब्रोसर दिखा कर ओर उनको झूठ बोल कर प्लाट बेचे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया है कि ग्राम गौरा में भूमि खसरा नम्बर 218/1/3 अवैध तरीके से कैचमेंट एरिया की भूमि में प्लाट बेचे जा रहे हैं। यहां शासकीय भूमि पर रोड बनाई जा रही है तथा वृक्षों को काटा जा रहा है और भूमि के प्लॉटो की ब्रोसर तैयार कर केचमेंट एरिया की भूमि को आवासीय एवं व्यावसायिक बताकर बेचा जा रहा है। शासन- प्रशासन से इस मामले में उपयुक्त कदम उठाने की मांग की गई है।

गौरव दिवस के रूप में मनाई जायेगी महाराजा छत्रसाल जयंती

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हो सकते हैं शामिल, सात दिवसीय आयोजन की तैयारियां जोरों पर

पन्ना। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की अध्यक्षता में 2 जून को गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोक कुमार चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम आयोजन की तिथियां निर्धारित कर लीं गई हैं। इस अवसर पर 7 दिवसीय कार्यक्रम में 27 मई 2022 को जनजागरण के उद्देश्य बेनर एवं पम्पलेट्स के साथ नगर में रैली का आयोजन 28 मई को महाराजा छत्रसाल के गौरवशाली इतिहास एवं गौरवशाली पन्ना विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण शासकीय छत्रसाल कॉलेज पन्ना, 29 मई को आईटीआई में अध्ययनरत छात्रों के मध्य कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन शासकीय आईटीआई पन्ना एवं कवि सम्मेलन छत्रसाल पार्क, 30 मई को आनंदम के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन नजर बाग स्टेडियम, 31 मई को महिला सशक्तिकरण दिवस गौरवशाली महिलाओं का सम्मान एवं महिला उत्पादन प्रदर्शन टाउन हॉल, 1 जून को लाइट एण्ड साउण्ड कार्यक्रम छत्रसाल पार्क में, 2 जून को गौरव दिवस के साथ ही कवि सम्मेलन का मुख्य कार्यक्रम होगा। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के शामिल होने की संभावना है।

मेसर्स यूरेका माइंस एण्ड मिनरल्स को मिली अजयगढ़ रेत खदान की स्वीकृति

पन्ना। कलेक्टर कार्यालय की खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार म.प्र. शासन के निर्देशानुसार 9 मई को रेत संबंधी निविदा जारी की गई थी। इसे खोलने की तिथि 17 मई निर्धारित थी। निविदा खोलने के लिए गठित समिति की बैठ कलेक्टर संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में खोली गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक पन्ना कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सदस्य के रूप में एवं प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा सदस्य सचिव के रूप में उपस्थित रहे। प्राप्त निविदा में मेसर्स यूरेका माइंस एण्ड मिनरल्स एलएलपी पार्टनर चन्दर शेखर चौरसिया एवं दीनदयाल मीणा निवासी 8-सी पारामाउण्ट बिला श्यामला हिल्स भोपाल द्वारा आधार मूल्य 1 करोड़ 42 लाख 69 हजार 728 के विरूद्ध 2 करोड़ 18 लाख 111 रूपये की बोली लगाई गई।

एफएलएन शिक्षक प्रशिक्षण का पहला चरण संपन्न, आज से शुरू होगा दूसरा चरण

विषय की बारीकियों का कक्षा में करें क्रियान्वयन

गैरतगंज। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चों को पारंगत करने के लिए विषय की बारीकियों का कक्षा में वास्तविक रूप में शिक्षक कार्यान्वयन करें ताकि शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सके। यह बात एफएलएन प्रशिक्षण के पहले चरण में शिक्षकों को समझाई गई। रविवार को पहले चरण का समापन हुआ। दूसरा चरण 24 मई से शुरू होगा।

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर प्राथमिक शालाओं में काम करने वाले शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित एफएलएन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गैरतगंज ब्लॉक में तीन चरणों में होने वाले इस प्रशिक्षण के पहले चरण के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का रविवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर बीआरसीसी राकेश सोनी ने शिक्षकों से कहा कि वे प्रशिक्षण में बताए गए बिंदुओं के आधार पर शिक्षण में गुणवत्ता बढ़ाएं ताकि शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य प्राप्त किया जा सके और हमारा जिला राज्य की रैंकिंग सूची में अच्छा स्थान प्राप्त कर सके। प्रशिक्षण प्रभारी बीएसी मनोज नायक ने इस मौके पर कहा कि प्रशिक्षण से शिक्षा का नया तारतम्य मिलता है तथा सभी लोग पूर्व व वर्तमान ज्ञान के प्रति रिफ्रेश हो जाते हैं। उन्होंने सभी से मनोयोग से कक्षा संचालन करने को भी कहा। गौरतलब है कि मिशन अंकुर के तहत राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्राथमिक शाला में कक्षा 1 एवं 2 में पढ़ाने वाले प्राइमरी शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले चरण में 62 शिक्षक शामिल रहे। प्रत्येक चरण में पांच दिवसीय यह प्रशिक्षण गैरतगंज ब्लॉक में 3 चरणों में दिया जाएगा। सभी प्राथमिक शाला के लगभग ढाई सौ शिक्षकों को यह प्रशिक्षण अलग-अलग चरणों में मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जाएगा। जनपद शिक्षा केंद्र गैरतगंज द्वारा दूसरा चरण 24 मई से एवं तीसरा चरण 30 मई से आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर बीएसी लीलाधर खंगार, राजेश कुशवाहा, देवेंद्र अहिरवार, मास्टर ट्रेनर नीलकमल कोष्टी, मीरा व्यास, रामगोपाल शर्मा एवं लोकेश श्रीवास्तव ने भी विभिन्न बिंदुओं पर शिक्षकों को जानकारियां दीं। शिक्षकों की अनिवार्य उपस्थिति वाले इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा सभी शिक्षकों को आदेश जारी किए

भाजपा पिछड़ा मोर्चा की मण्डल कार्यकारिणी घोषित

नसरुल्लागंज। विगत दिन भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की मण्डल कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस कार्यकारिणी में मण्डल के 26 लोगों को स्थान दिया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष बनवीर चंद्रवंशी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल की सहमति से सुभाष पटेल से अपनी मण्डल टीम का विस्तार किया।जिसमें महामंत्री के रूप लगातार सक्रिय रहने वाले युवा दीपक मीणा म्याला एवम दीपसिंह पंवार को महामंत्री बनाया गया। मण्डल उपाध्यक्ष रामभरोस राठौर (गुड्डू भैया), तुकाराम यादव, चिमन पटेल, रामनिवास मीणा, चिमन डोड, बलराम प्रजापति, लक्ष्मीनारायण जयसवाल, दीपक वसवाना एवम मण्डल मंत्री विकास सेन, रामसुमन यादव, महेश कुशवाह, जयनारायण पंवार,अरविंद पंवार,अशोक पटेल,भारत सिंह कुशवाह,सुंदरलाल राठौर एवम कोषाध्यक्ष रामकृष्ण पंवार सह कोषाध्यक्ष बृजलाल यादव , प्रवक्ता भगवान खैरनार, सह प्रवक्ता प्रकाश लखेरा, कार्यालय मंत्री अर्जुन पँवार, सह कार्यालय मंत्री महेंद्र यादव , मीडिया प्रभारी बबलेश सैनी एवं आई टी सेल प्रभारी सतीश पटेल को बनाया गया। मंडल अध्यक्ष सुभाष पटेल ने बताया कि इस टीम में पिछड़ा वर्ग के सभी कार्यकर्ता जो लगातार सक्रिय रहकर समाज के मध्य कार्य करते हैं, उन्हें अवसर दिया गया है। आगामी समय में संगठन के सभी पदाधिकारी सरकार की योजना को जन -जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे एवं संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

सड़क दुर्घटना में सहायक उपनिरीक्षक घायल, जिला चिकित्सालय में चल रहा इलाज

पन्ना। अजयगढ थाना मे पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक आर.डी अहिरवार सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गये हैं, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जानकारी के अनुसार श्री अहिरवार मोटर साईकिल से पन्ना आ रहे थे। उसी दौरान अजयगढ़ घाटी में अनियंत्रित हो कर मोटर साईकिल सहित लगभग 15 मीटर घाटी के नीचे गिर गये तथा बुरी तरह घायल हो गये। राहगीरों द्वारा घटना की जानकारी 108 एम्बूलेंस को दी गई। एम्बुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां पर श्री अहिरवार का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी लगते ही रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी जिला अस्पताल पहुंचे, अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया है। श्री अहिरवार के सिर, मुंह तथा अन्य अंगो में चोटें आई हैं, जिसका इलाज किया जा रहा है।

कलेक्टर ने बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के सूचकांकों में सुधार पहली प्राथमिकतः मनोज पुष्प

रीवा

कलेक्ट्रेट सभागार में महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक मे कलेक्टर मनोज पुष्प ने निर्देश दिए कि जिले के स्वास्थ्य सूचकांकों में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना सर्वाधिक प्राथमिकता का कार्य रहेगा। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि फील्ड का सभी अमला पूरी तन्मयता के साथ गर्भवती माताओं, कुपोषित बच्चों और मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे गर्भवती का समय अनुसार पंजीयन, 4 जांचें ,हाई रिस्क की पहचान और प्रबंधन ,कुपोषित बच्चों की पहचान एवं प्रबंधन, जैसे अत्यावश्यक सेवाओं के लिए प्रयास प्रारंभ कर दें। उन्होंने समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि गंभीर एनीमिक ,उच्च रक्तचाप से ग्रस्त गर्भवती माताओं एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के प्रबंधन से ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है । जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवतियों के चिन्हाकान एवं प्रबंधन के लिए विशेष प्रोटोकॉल निर्धारित करते हुए उन्हें विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं आयरन सुक्रोज एवं आवश्यकता पड़ने पर ब्लड चढ़ाने के लिए भी व्यवस्था सुनिश्चित करे । कलेक्टर श्री पुष्प ने रीवा स्वास्थ विभाग को मातृत्व सेवाओं में पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान आने पर बधाई दी और कहा कि हमें सेवाओं को और बेहतर करते हुए प्रथम स्थान अर्जित करना है । टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री पुष्प में निर्देशित किया कि मई के अंतिम सप्ताह में विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए सभी हितग्राहियों को आवश्यक टीका, प्रिकॉशन डोज, को- वैक्सीन की दूसरी डोज, एवं कार्वे-वैक्स वैक्सीन की दूसरी डोज प्रदाय की जानी है ,जिसके लिए कार्य योजना बनाकर शिक्षा विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग ग्रामीण विकास विभाग के साथ समन्वय कर ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। पोषण पुनर्वास केंद्रों में अप्रैल के महीने में बच्चो की कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री पुष्प ने कहा कि बृहद अभियान चलाकर बच्चों का वजन किया जाए और अति कुपोषित बच्चों को जिले के पोषण पुनर्वास केंद्रों में ले जाकर उपचार कराया जाए । कलेक्टर श्री पुष्प ने डीपीओ श्रीमती प्रतिभा पांडेय को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सेक्टर सुपरवाइजर ,सीडीपीओ इस सप्ताह विशेष प्राथमिकता से अति कुपोषित बच्चों को प्रबंधन को महत्व देते हुए उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराएं, जिस की समीक्षा अगले सप्ताह की जाएगी।

आपरेशन करके अंगूठी निकालेंगे डॉक्टर

रीवा। संजय गांधी अस्पताल में एक अजीबो-गरीब मामला प्रकाश में आया है। यहां एक 45 वर्षीय युवक को उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में दाखिल कराया गया है जिसके गुप्तांग में अंगूठी फंसी हुई है। गुप्तांग में अंगूठी फंसने के कारण युवक की मूत्र नली बंद हो गई है जिसके गुप्तांग और पेट में सूजन बनी हुई है। चिकित्सकों ने गुप्तांग में फंसे रिंग को बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन जब रिंग नहीं निकली तो आपरेशन की सलाह दी गई । दरअसल यह चौका देने वाला मामला रीवा के देवतालाब क्षेत्र का है जहां एक 45 वर्षीय युवक ने गुप्तांग में अंगूठी को फंसा लिया है। अंगूठी के चारों ओर सूजन आ जाने से रिंग बुरी तरह फंस गई और सूजन बढ़ने से युवक की मूत्रनली बंद हो गई है। अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक युवक को दो दिन पूर्व संजय गांधी अस्पताल के सर्जरी वार्ड में दाखिल कराया गया है जहां शुरुआती उपचार के दौरान चिकित्सकों ने अगूंठी को निकालने का प्रयास किया लेकिन सूजन की वजह रिंग बुरी तरफ फंसी होने के कारण बाहर नहीं निकली जिसके बाद अब चिकित्सक आपरेशन कर गुप्तांग में फंसी रिंग को निकालने की तैयारी कर रहे हैं।

भोपाल के सभी वार्डों में विजयश्री हासिल करेगी भाजपा : सुमित पचौरी

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय पं. दीनदयाल परिसर में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भोपाल जिले की बैठक संपन्न हुई। बैठक को प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, जिला प्रभारी महेन्द्र सिंह यादव, नगरीय निकाय चुनाव के भोपाल नगर एवं ग्रामीण प्रभारी जोधा सिंह अटवाल ने संबोधित किया। जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से कार्यकर्ताओं के परिश्रम से प्रदेश में बूथ विस्तारक योजना ने सफलता अर्जित की है। उसी प्रकार कड़ी मेहनत और प्रबंधन से भोपाल जिले के सभी वार्डों में भारतीय जनता पार्टी विजय हासिल करेगी, क्योंकि पार्टी का संगठन तंत्र ही हमारी ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की विकासोन्मुखी योजनाओं को प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचाकर पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनायेंगे। हमारे कार्यकर्ता चुनाव जीतने के लिए 24 घंटे मैदान में रहते हैं। प्रदेश के मंत्रीविश्वास सारंग ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता केवल दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए काम करते हैं, इसलिए भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। भाजपा ने हमेशा राष्ट्रहित और लोकहित के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि जो जितना सक्रिय रहेगा वह उतना ही आगे बढ़ेगा। सक्रियता के साथ हम पार्टी द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को निचले स्तर तक पहुंचाकर उसका लाभ जनता को दें। श्री सारंग ने बैठक में नगरीय निकाय चुनाव में जीत के गुर बतायें। पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व प्रारंभ से ही सभी समाज वर्गो को आगे लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर हम काम करते है। जिला प्रभारी श्री महेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता हर बूथ पर कांग्रेस की असलियत जनता के सामने रखेंगे। हमें पूर्ण विश्वास है कि चुनाव में कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय चुनाव में इतिहास बनायेगी।

पुण्यतिथि के अवसर पर प्रियव्रत सिंह ने दी श्रद्धांजलि

पचौर। पूर्व ऊर्जा मंत्री खिलचीपुर विधायक प्रियव्रत सिंह खींचीग्राम पट्टी में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत के पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए । श्री सिंह सहित बड़ी संख्या में नागरिको ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला ।

पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सदानी, पूर्व जनपद अध्यक्ष नंदलाल नागर ,पूर्व जनपद अध्यक्ष घनश्याम पाटीदार, उड़नखेड़ी ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष रामचंद्र नागर पचोर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश शर्मा , सारंगपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन पाल सिंह , ब्लॉक अध्यक्ष गजराज सिंह , दुर्गेश सोमान, सुधीर गुप्ता, समीर मेवाती, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सारंगपुर कमल गुर्जर महेश जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जसवंत सिंह, दिलीप कुमार भंडारी वीरेंद्र सिंह, किसान कांग्रेस खिलचीपुर के ब्लॉक अध्यक्ष जगन्नाथ सिंह तोमर, किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष गोकुल विश्वकर्मा भंडावत नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुल्तानिया महेश नागर, विक्रम सिंह अखिलेश राठी भगवान सिंह पटेल बाबुल्दा चांद सिंह राजपूत प नीलम सिंह राजपूत जुझार सिंह , युवा नेता लखन सिंह राजपूत, धर्मेंद्र सिंह गौतम हरि सिंह, पूर्व सरपंच उत्तम सिंह राजपूत राइजिंग पटेल, महेश कुमार मालवीय , बनवारी लाल मालवीय खालिद मंसूरी , अशोक कुमार राठी रामचंद्र नागर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए हाल ही में प्रदेश में बिजली कटौती को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एमपी में बिजली की कोई कमी नहीं है बल्कि भाजपा का मैनेजमेंट कमजोर ,लाचार है। जिसका परिणाम प्रदेश की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हम गांव गांव जाकर लोगो को हकीकत से रूबरू करवा रहे हैं।

क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर दे रहे निमंत्रण

देपालपुर। महाराणा प्रताप की 482 जयंती के उपलक्ष्य में सर्व धर्म हिंदू समाज द्वारा शोर्य यात्रा की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। विशाल शोर्य यात्रा का आयोजन 29 मई को महाराणा प्रताप चौक इंदौर नाका देपालपुर में किया जाना है, जिसके उपलक्ष्य में बैठकों का आयोजन भी किया जा रहा है । प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शौर्य यात्रा भव्य रुप से निकालने की तैयारी हिंदू सर्व धर्म समाज द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है कि भव्य शौर्य यात्रा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद कैबिनेट मंत्री विधायक पूर्व विधायक क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जय राजपूताना संघ के प्रदेश संयोजक आदि यात्रा में सम्मिलित होंगे। जिसे लेकर क्षत्रिय महासभा के सदस्य गांव गांव जाकर लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं।

राष्ट्रीय पक्षी मोर ने हॉस्पिटल में तोड़ा दम

देपालपुर। देपालपुर के पास गांव बरोदा पंथ में राष्ट्रीय पक्षी मोर को कुत्तों ने जख्मी कर दिया था। गांव के युवा विजय डोड़ रूप सिंह नरवरिया व मित्रों की सहायता से उपचार के लिए नजदीकी हॉस्पिटल देपालपुर ले जाया गया। इलाज के दौरान कुछ समय के पश्चात मोर ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया।

महाकाली काल भैरब प्राण प्रतिष्ठा एवं सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन जून में

बैरसिया। महाकालिका उत्सव धर्मार्थ न्यास द्वारा काली जी मंदिर होलीपुरा भूतेश्वर मार्ग पर बैरसिया क्षेत्र मे पहली बार श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ और महाकाली एंव काल भैरव जी की संगमरमर से बनी नवीन प्रतिमाओं की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। नगर में 11 जून से लेकर 18 जून इसके बाद 30 जून से गुप्त नवरात्रि तक महाशक्ति आराधना की भक्ति की बयार बहेगी। सबसे खास बात इस यज्ञ में बनारस, उज्जैन, ओंकारेश्वर इंदौर, भोपाल समेत इक्यावन से अधिक स्थानिय आचार्यों यज्ञ कार्य कराया जायगा। क्षेत्र में महाकाली का एक मात्र जाग्रत शक्ति पीठ के रूप मे इस स्थान पर स्थित है अनेक देवी स्वरूपों को इस यज्ञ मे आमंत्रित किया गया है काली जी का मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है कार्यक्रमों में कोलकाता बंगाल की दुर्गा पूजा और कालीबाडी की तर्ज पर विशेष पूजा आराधना की जायेगी देवी आराधना मे श्रद्धा रखने वाले कोई भी श्रद्धालु शीश नवाने आने से स्वंय को ना रोक सकेंगे आचार्य पं.प्रतिक दुबे प्रतिमा की स्थापना करायेंगे भोपाल कालीघाट के आचार्य पं.पवन चतुर्वेदीभी बतौर

सार संक्षिप्त

न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्यक्रम में नर्सों का किया गया सम्मान

सुठालिया । गत दिवस ब्यावरा शहर के अंजनी लाल मंदिर परिसर में न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला राजगढ़ द्वारा पत्रकार एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सुठालिया नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्टाफ नर्स प्रतिमा पटेल एवं शिवानी कटारे को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया । 2021 में भारी वर्षा होने के कारण नदी नाले उफान पर थे, ऐसी स्थिति में में एक गरीब परिवार की महिला को ऑटो चालक लेकर आया। नदी, नाले, उफान पर होने के कारण हॉस्पिटल नहीं पहुंच सका जिस कारण स्टाफ नर्स प्रतिभा पटेल और शिवानी कटारे ने एक ऑटो में महिला का प्रसव बिना स्टूमेंट से कराया और दोनों जच्चा, बच्चा, को सुरक्षित बचाया था। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए दोनों स्टाफ नर्स को ब्यावरा में न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा सम्मानित किया गया । उनके इस सम्मान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ, उनके परिवार वालों ने हर्ष व्यक्त किया है ।

भाजपा की पंचायत चुनाव संबंधी बैठक आज, पूर्व मंत्री सहित जिले के दिग्गज नेता रहेंगे मौजूद

सीधी। भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक 24 मई को होटल 7 इलेवन में सुबह 11बजे से जिले में आगामी पंचायत चुनाव से सबंधित कार्यक्रमों को लेकर आयोजित की गई है। यह बैठक पंचायत चुनाव के जिला प्रभारी, पूर्व मंत्री म.प्र. शासन, रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ला एवं भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय के विशिष्ट आतिथ्य तथा भाजपा जिलाध्यक्ष इन्द्रशरण सिंह चौहान की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न होगी। बैठक में पार्टी के सांसद,विधायक गण, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, वरिष्ठ नेता गण, जिला पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य. सदस्य, सभी मोर्चो के जिलाध्यक्ष,महामंत्री गण, सभी मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री गण, सभी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, पूर्व मंडल अध्यक्ष गण उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी सुरेन्द्र मणि दुबे जिला मीडिया प्रभारी जिला सीधी ने दी है ।

मोन्टी कुशवाह बने पचौर मण्डल महामंत्री

पचौर। भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ कहे जाने वाले युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष केपी पँवार ने पचोर मण्डल में आंशिक संशोधन करते हुए सांसद रोड़मल नागर,विधायक कुँवरजी कोठार की सहमति एवं मण्डल अध्यक्ष विकास दीक्षित की अनुशंसा पर तथा जिलाध्यक्ष दिलवर यादव के निर्देश पर पचौर नगर में अपनी लोकप्रिय छबि के धनी व छात्र नेता मोहन (मोन्टी) कुशवाह को मण्डल महामंत्री नियुक्त किया है। इस पर नगर के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में बद्रीलाल भंडारी,श्रीमती रुपाली राजोरे,मनमोहन गुरगेला,मोहन गुप्ता,भगवानसिंह गुर्जर,रघुराज राणा, सन्देश राजोरे, मनीष सक्सेना, विकास करोडिया, सुदर्शन सोनी,दिलीप कुशवाह श्रीमती नीलम सक्सेना, सुनील यादव, राम धाकड़,आशिक़ पटेल,योगेश जाटव, चेतन केथोरिया, दीपक चौहान,अमित गोस्वामी, कैलाश राठौर,जगदीश सोनी, कमल कुशवाह आदि शामिल हैं।

कांग्रेस की संभाग स्तरीय बैठक कल

झाबुआ। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल मेहता प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी माह में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव के लिए संभाग स्तर पर बैठक आयोजित होगी आयोजित बैठक में झाबुआ धार इंदौर खरगोन बड़वानी अलीराजपुर बुरहानपुर खंडवा क्षेत्र के कांग्रेस जनों विधायकों को बुलाया गया है बैठक मैं संभागीय पंचायत चुनाव प्रभारी विधायक डॉक्टर विजय लक्ष्मी साधो एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव के संबंध में कांग्रेस जनों से रूबरू होंगे इस अवसर पर जिले के समस्त विधायक गण जिला कांग्रेस अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर कांग्रेस अध्यक्ष लोकसभा विधानसभा के समस्त पदाधिकारी गण पार्टी से जुड़े जिला पंचायत जनपद पंचायत के सदस्य गण को विशेष रूप से आयोजित बैठक में आमंत्रित किया है आयोजित बैठक 25 मई को प्रातः 11 राजवाड़ा स्थित गांधी भवन इंदौर में होगी जिला कांग्रेस

आशा कार्यकर्ताओं ने मंत्री विश्वास सारंग के सामने रखी समस्या

धार। राजधानी में सोमवार को मध्य प्रदेश आशा कार्यकर्ता, उषा, आशा सहयोगी संघ का सम्मेलन संपन्न हुआ यह सम्मेलन भोपाल सीएम हाउस के पास गांधी भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वास कैलाश सारंग चिकित्सा मंत्री उपस्थित रहे आशा सम्मेलन में संगठन की प्रदेश अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने मंत्री सारंग का पुष्प हार फूल गुलदस्ता एवं स्वागत गीत से सम्मान किया प्रदेश अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए मंत्री के सामने समस्या रखी। जिसमें आशा कार्यकर्ता एवं उषा आशा सहयोगी बहनें जो जिले में परेशान हो रही हैं कोविड का पैसा प्रतिशत तक 200 रुपए एन आर एच एम के द्वारा निकाला गया था लेकिन आज तक कार्यकर्ता बहनों को नहीं दिया गया है, इससे अवगत कराया। वहीं मोबाइल फोन 52 जिले के लिए आए थे लेकिन तीन-चार जिले में

ही मोबाइल दिए गए हैं और जो आशा कार्यकर्ता बहने क्षेत्र में काम करती हैं उनका समय पर भुगतान नहीं किया जाता है । धार जिले में एक आशा कार्यकर्ता भूरी मावी जो 15 साल से क्षेत्र में सेवा दे रही थी जो कि डॉ मुकेश मालवीय सिविल सर्जन के द्वारा उसको पद से पृथक कर दिया गया है। किसी आशा का 4000 रुपए रूटीन बनता है उसका 2000 रुपए ही डाला जाता है, हर जिले की यही समस्या है। इस पर विश्वास कैलाश सारंग चिकित्सा मंत्री ने आशा कार्यकर्ता, उषा, आशा सहयोगी बहनों का मनोबल बढ़ाया और मंत्री सारंग ने संबोधित करते हुए कहा कि आप रीढ़ की हड्डी हो और आप सभी बहनों ने कोविड काल में बहुत अच्छा काम किया है इसलिए जो भी आपकी समस्या है मैं एनआर एचएम में बात करूंगा। साथ ही उन्होंने तत्काल समस्या खत्म कराने का आश्वासन भी दिया है और सारंग ने कहा अब 75 हजार कार्यकर्ता सभी मेरी बहने हैं मेरी बहनों को कोई समस्या नहीं आने दूंगा सम्मेलन में सभी जिले से आए कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी समस्या रखी और सभी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव का स्वागत किया एवं बालाघाट की जिला अध्यक्ष रोहनता ठाकरे वह उनकी टीम के द्वारा इंदौर संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल मारू का भी गुलदस्ता देकर सम्मान किया

नगर परिषद के अमले ने सुधारी पाइप लाइन



पोलायकलॉ। नगर के वार्ड क्रमांक 3 स्थित नाला का मुख्यमंत्री अधोसंरचना शहरी विकास योजना तृतीय चरण अन्तर्गत पक्के नाले निर्माण किया जाना है। उक्त नाले को खाली करते समय जेसीबी द्वारा नगर की नल-जल सप्लाय लाईन क्षतिग्रस्त्र हो गई थी जिसके कारण वार्ड क्रमांक 3 व 4 के नलों में पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा था। नगर परिषद को इस लीकेज की जानकारी मिलते ही तत्परता से मुख्य नगर पालिका अधिकारी निगहत सुल्ताना के निर्देश पर निकाय के जलप्रदाय शाखा प्रभारी जीवनसिंह चंद्रवंशी एवं उनके जलप्रदाय अमले द्वारा नाले में भरे गंदे पानी खाली कर पाईप लाईन का लीकेज रिपेयर कराकर वार्ड क्रमांक 3 व 4 पेयजल आपूर्ति की बहाली की गई है।

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

पेयजल की समस्या का तत्काल किया जाए निराकरण :कलेक्टर

झाबुआ। कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में समयावधि पत्र (टीएल) की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर महोदय द्वारा बैठक में निर्देश दिए कि पेयजल की समस्या के संबंध में जिस स्तर पर भी आपको ज्ञात हो तत्काल निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। पेयजल के लिए ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना नहीं पडे इसके साथ ही नगरपालिका अधिकारी वार्डो का भ्रमण कर पेजयल की समस्या से ग्रसित वार्ड में तत्काल टेंकर से पानी प्रदान करे। यह सुबह और शाम दोनो समय पानी के टेंकर पहुचे इसके लिए जिम्मेदारी भी निर्धारित की जाए। सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों का समयावधि में निराकरण अनिवार्य रूप से करें एवं भू-माफिया, शराब माफिया, राशन माफिया, खनिज माफियाओं एवं गुण्डा तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करें। श्री मिश्रा ने कहा कि मेरे द्वारा संजीवनी हेल्थ कैम्प, प्रधानमंत्री आवास योजना के निरीक्षण, जल जीवन मिशन कार्यो का निरीक्षण निरंतर किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा रूबरू अपनी समस्याओं को अवगत कराया जाता है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेकर तत्काल निराकरण किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रशासन आपके द्वार के अंतर्गत रात्रि चौपाल में प्राप्त शिकायतों का शिविर स्थल पर ही समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे ग्रामीणों में रात्रि चौपाल के प्रति विश्वास जागृत हो इसके अतिरिक्त ग्रामीणों की मुलभूत समस्याओं का निराकरण समय पर हो यह हमारी जिम्मेदारी भी सुनिश्चित हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। वर्तमान में गर्मी को देखते हुए आग लगने की घटना निंरतर हो रही है। समय पर फायर ब्रिगेड नहीं पहुच पा रही है। इसके लिए जिम्मेदारी का निर्धारण किया जाएगा। प्रतिदिन फायर फायटर एवं एम्बुलेंस की मॉनिटरिंग की जाए। जिला अधिकारियों को निर्देश दिए की अपने दौरे के समय प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से सम्पर्क करें उनके आवास जो अपूर्ण है उन्हें पूर्ण करने के लिए आवश्यक व्यवस्था दिशा निर्देश दिए जाए। मंशा यह है कि अपूर्ण आवास समयावधि में पूर्ण हो यदि किसी प्रकार की लापरवाही परिलक्षित होती है तत्काल कार्यवाही की जाए। ग्रामीणजन अनिवार्य रूप से अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर संजीवनी हेल्थ कार्ड बनवाए एवं ग्रामों में शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड स्वयं का एवं अपने परिवार को अनिवार्य रूप से बनवाए। मेरे द्वारा भ्रमण पर यह पाया की उचित मुल्य की दुकानों पर खाद्यान समय पर वितरण सही तरिके से हो रहा है। मेरे द्वारा ग्रामीणों से रूबरू चर्चा की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि हमें प्रतिमाह 10 किलो प्रति व्यक्ति अनाज प्राप्त हो रहा है। किन्तु फिर भी सतत मानिटरिंग की जाए। माननीय मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा भी राशन समय पर ग्रामीणों को उपलब्ध हो ऐसे निर्देश है। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणो में यदि कोई भी शिकायत विभाग में समाधान पोर्टल पर लंबित रहती है तो उसका तत्काल निराकरण करें। विलंब के लिए सख्त कार्यवाही की जावेगी। सीएम हेल्पलाइन में एल-1 एल-2 पर ही निराकरण संतुष्टिपूर्वक कर देवें। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण अधिकतम 07 दिवस के अन्दर किया जाना

एबुलेंस का क्षेत्रीय सांसद एवं कलेटर ने किया उद्घाटन

झाबुआ। मध्यप्रदेश में कार्यरत सेवा संस्था परिवार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा सोमवार को जिले के गरीब तथा पिछड़े गाँवों के लिए निशुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की गई। एलआईसी एचएफएल कंपनी की आर्थिक सहायता से दी गई इन एम्बुलेंस सेवा का उद्घाटन क्षेत्र के सांसद गुमानसिंह डामोर, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन एवं एलआईसी एचएफएल के एमडी वाय विश्वनाथ गौड़ द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया। इन एंबुलेंस के उद्घाटन के बाद परिवार संस्था की जिले में 8 एंबुलेंस हो जाएंगी। संस्था द्वारा इस एम्बुलेंस के माध्यम से जिले के पिछड़े एवं जरूरतमंद गाँवों के लोगों को चिकित्सा एवं एमरजेंसी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए स्थानीय तथा जिला स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाया जाएगा। यह सेवा पूर्णतः निशुल्क होगी। जिले के किसी भी क्षेत्र में रहने वाले लोग संस्था के निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 9685957744 पर फोन लगाकर इस निशुल्क सेवा का लाभ ले सकते हैं। सांसद ने परिवार संस्था तथा एलआईसी एचएफएल कंपनी के सेवा कार्यो की सराहना की तथा उन्हें धन्यवाद दिया। कंपनी के एमडी श्री गौड़ ने कहा कि झाबुआ जिले के लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके इसलिए उनकी कंपनी ने ये एंबुलेंस परिवार संस्था के माध्यम से क्षेत्र में दी हैं। कलेक्टर ने भी निशुल्क स्वास्थ्य कार्यो के लिए संस्था की सराहना की। इस अवसर पर कंपनी के शुभाशीष दास गुप्ता, विकास अवस्थी, परिवार संस्था के आकाश जायसवाल, गोलू स्केल, विजय डेरिया तथा कुलदीप नागर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि परिवार संस्था द्वारा मध्यप्रदेश के 14 जिलों के 650 से भी अधिक गाँवों में बच्चों को निशुल्क भोजन तथा शिक्षा प्रदान किया जा रहा है

जलरंग शैली आधारित पांच दिवसीय शिविर सह-प्रशिक्षण का हुआ समापन

भोपाल। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा 18 मई से 22 मई, 2022 तक आयोजित पाँच दिवसीय जल रंग शैली पर एकाग्र चित्र शिविर सह-प्रशिक्षण गतिविधि का समापन आज 22 मई को हुआ। समापन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी उप-निदेशक अनिल कुमार, वरिष्ठ चित्रकार एल एन भावसार, ख्यात चित्रकार रामचंद्र शिवाजी खरतमल एव कुडलय्या महान्तय्या हिरेमठ- पुणे एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में विगत वर्षों में आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता के प्रत्येक आयु वर्ग के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेता बच्चों के साथ- साथ नूतन महाविद्यालय, हमीदिया महाविद्यालय, गीतांजलि महाविद्यालय एवं एम.एल.बी. महाविद्यालय और संस्कृति संचालनालय द्वारा खण्डवा, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में संचालित कला महाविद्यालयों के चयनित विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता कर जलरंग शैली की तकनीकि पक्ष के साथ जलरंग शैली माध्यम की बारिकियों को जाना।

हसदेव नदी के तट पर फॉसिल्स पार्क बनाना प्रकृति और जनता के साथ मजाक : आप

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की हसदेव नदी के तट पर फॉसिल्स पार्क बनाया की घोषणा को आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ की जनता को गुमराह करने व मजाक करने के समान बताया है। आप ने कहा कि प्राकृतिक रूप से हरे भरे क्षेत्र हसदेव अरण्य में उद्योगपतियों के लाभ हेतु जंगल काटना, जिंदा जीव जंतुओं की सुरक्षा और सरंक्षण तो दूर फॉसिल पार्क बनाना पर्यावरण के साथ क्रूर मजाक है। यह जनमानस के साथ भी खिलवाड़ करने जैसा है कि जीवो और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा कर नुकसान का संग्रहण करना और संग्रहालय बनाना। पर्यावरण के जानकर इससे होने वाली हानि को हजारों साल में भारपाई नहीं हो पाना बता रहे है। इसके बावजूद राज्य सरकार इस पर तनिक भी विचार नहीं कर रही है और तरह तरह से लोक लुभावन आडंबर कर कोयला खदान शुरू करने का षड्यंत्र रच रही है। आम आदमी पार्टी के खदान चालू करने के आदेश को रद्द करने के निवेदन के बाद भी यदि प्रदेश सरकार ऐसा करेगी तो आम आदमी पार्टी सत्याग्रह का मार्ग अपनाएगी और पूरे प्रदेश में सत्याग्रह करेगी।

खाद को लेकर सड़क पर सियासत

भाजपा के किसान नेताओं ने सहकारी समिति का किया घेराव, कहा- किसानों को दे रहे घटिया खाद

भाजपा किसान मोर्चा की ये हैं मांगें

प्रदेश के सभी किसानों को प्रति एकड़ 3 बोरी (90 किलो) गोबर खाद खरीदी की बाध्यता समाप्त कर किसानों को एच्छिक रूप से वर्मी कंपोस्ट खरीदने की छूट दी जाए। वर्मी कंपोस्ट मानक हो तथा रेत व मिट्टी मिली हुआ न हो। राजीव गांधी न्याय योजना के अंतिम किस्त की राशि में 30 से 50 प्रतिशत तक की कटौती करते हुए करीब 470 करोड़ की राशि किसानों को कम जारी की गई है। इस अंतर की राशि को तत्काल किसानों को जारी किया जाए।

- रायपुर में भाजपाइयों का पैदल मार्च

रायपुर/नवप्रदेश। हाथों में गोबर लिए भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के नेता सोमवार को सड़कों पर उतरे। यह सभी नेता जोरा स्थित सहकारी समिति के दफ्तर का घेराव करने पहुंचे। हाथों में गोबर लिए भाजपा नेताओं ने समिति दफ्तर के बाहर जमकर नारेबाजी की। किसान मोर्चा के नेता गौरीशंकर श्रीवास ने समिति के अफसरों पर भ्रष्टाचार करने का गंभीर आरोप लगाया। श्रीवास ने बताया कि किसानों को घटिया क्वालिटी की खाद दी जा रही है। इससे सीधा असर किसान की आमदनी पर पड़ रहा है। हंगामा करते हुए भाजपा नेताओं ने एक ज्ञापन भी सौंपा है, जिस पर कार्यवाही नहीं होने पर आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई। भाजपा नेताओं का आरोप है कि छत्तीसगढ़ में किसान विरोधी नीतियां चलाई जा रही है। हालातों से परेशान होकर सैकड़ों किसान आत्महत्या कर चुके हैं।

केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों को यूरिया खाद 625 रूपए प्रति क्विंटल उपलब्ध करा रही है। वहीं प्रदेश में किसानों को अमानक और घटिया खाद रेत, मिट्टी मिला गोबर लेने के लिए प्रति एकड़ 3 बोरी (90किलो) 1000 रूपए क्विंटल में लेने के लिए बाध्यता कर किसानों को लूटने का काम हो रहा है।

भूपेश सरकार ने किसानों की दाना-दाना धान खरीदने वादा किया था। चूंकि छत्तीसगढ़ में रवि की फसल भी पर्याप्त में होती है अतः पूरे प्रदेश में किसानों से रवि फसल की खरीदी 2500 रूपए प्रति क्विंटल में तत्काल प्रारंभ की जाए। कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूर्व सरकार के लंबित 2 वर्षों के धान बोनस देने का वादा किया था लेकिन आज साढ़े 3 वर्ष से अधिक हो गए है बकाया बोनस की राशि तत्काल किसानों को जारी की जावे।

प्रति वर्ष गिरदावरी के नाम पर किसानों के रकबे में लगातार कटौती हो रही है। कहीं मेढ़ काटे जा रहे है कहीं खेत ही कम कर दिया जा रहा है जिससे पूरे प्रदेश के किसान आक्रोशित है, किसान के संपूर्ण खेतीहर रकबे का 15 क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी की जाए।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 56 अफसरों का तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 56 अफसरों का तबादला किया है। इसे लेकर मंत्रालय के सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से सोमवार देर शाम को दो अलग-अलग आदेश जारी किया। इस तबादला आदेश में नगर निगम के कमिश्नर, जनपद पंचायतों के सीईओ, जिलों के संयुक्त कलेक्टर, अपर कलेक्टर व डिप्टी कलेक्टर रैंक के अफसर प्रभावित हुए। कुछ अफसर एक ही जगहों पर लंबे अरसे से जमे हुए थे। नए आदेश से 2013 बैच के अफसर प्रेम कुमार पटेल को जगदलपुर नगर निगम के आयुक्त पद से हटाकर नवा रायपुर विकास प्राधिकरण का महाप्रबंधक बनाया गया है। जगदलपुर में उनकी जगह दिनेश कुमार नाग को आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। 2014 बैच के नाग अभी तक बस्तर जिले में संयुक्त कलेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। धमतरी नगर निगम से 2015 बैच के मनीष मिश्रा का तबादला रायगढ़ में संयुक्त कलेक्टर के पद पर कर दिया गया है। उनकी जगह पर 2015 बैच के ही विनय कुमार पोयाम को रायगढ़ नगर निगम का आयुक्त बनाया गया है। पोयाम अभी तक दुर्ग जिले में संयुक्त कलेक्टर थे। इसके अलावा अन्य अफसर शामिल हैं।

पूर्व भाजपा की सरकार ने ओबीसी वर्गो को अधिकार से वंचित रखा

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व की भाजपा रमन सरकार ने छत्तीसगढ़ में ओबीसी वर्ग को उनके अधिकार से वंचित रखा। भाजपा आरक्षण को लेकर हमेशा राजनीति करते रही है। भाजपा की मातृत्व संस्था आरएसएस के लोगों ने कई बार सार्वजनिक तौर पर आरक्षण समाप्त करने की बात करते रहे है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश सरकार आते ही देश की पहली राज्य है जो क्वांटी फायबल डाटा (ओबीसी) वर्ग का सर्वे करवाई है जो ऐतिहासिक कदम है। ओबीसी वर्ग को अब 27 प्रतिशत आरक्षण मिलना तय है। भूपेश है तो भरोसा है। भाजपा के कथनी और करनी में बेहद अंतर है।

भाजपा सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाना साथ ही राजनीतिक रंग देना देश में सौहार्द वातावरण बिगाड़ना इनका कार्य ही देश की जनता के साथ खिलवाड़ करना। ओबीसी कांग्रेस के द्वारा भूपेश सरकार की ओबीसी वर्ग को कानूनी अधिकार दिलाने की जा रहे कार्यो का आभार व्यक्त करेंगे। फूल चौक नवीन बाजार के पास खूबचंद बघेल स्थल पर 11 बजे सभी ओबीसी कांग्रेस पदाधिकारियों के नेतृत्व में किया जायेगा।

छग क्रिकेट काउंसिल का गठन, छत्तीसगढ़िया खिलाड़ियों को मिलेगा अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट परिषद नए क्रिकेट संघटन के गठन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। गठन के बाद संस्था में मेंबरशिप प्रारंभ की जा रही है, जिसमें प्रदेश के पूर्व व वर्तमान क्रिकेट खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को सदस्यता प्रदान की जायेगी, जिन्हें वोटिंग के साथ उच्च पदों में पदाधिकारी बनने का अधिकार भी प्रदान किया जायेगा। संस्था में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत आमसभा बुलाकर पदाधिकारियों का चयन एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जायेगी। प्रदेश के सभी 32 जिलों में संगठन तैयार कर क्रिकेट एकेडमियों की स्थापना कर हजारों खिलाड़ी, अच्छे प्रशिक्षक एवं अन्य टेक्निकल व्यक्ति तैयार किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ खेल महासंघ के प्रदेश संयोजक अधि. प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बतलाया कि छत्तीसगढ़ में हजारों प्रतिभाशाली

खिलाड़ी हैं, जिनमें से बहुत सीमित संख्या में ही खिलाड़ी क्रिकेट संघ में चयनित हो पाते हैं और हजारों की संख्या में हुनरमंद खिलाड़ी जिन्हें और कहीं अवसर नहीं मिल पाता था जिससे उनमें भारी निराशा थी। इस वजह से ये खिलाड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट खेल कर अपना भविष्य खराब कर रहे थे। छत्तीसगढ़ में क्रिकेट के किसी भी बड़े आयोजन को कराने के लिए क्रिकेट संघ की अनुमति लेना अनिवार्य होता है, किंतु टेक्निकल समस्या की वजह से आयोजकों को बड़े आयोजन की अनुमति नही मिलती है। प्रदेश में CPL-T20 छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भी हमारे द्वारा क्रिकेट संघ से लगातार 3 वर्षों तक 20 से ज्यादा बार आवेदन देकर अनुमति मांगी गई किंतु क्रिकेट संघ के द्वारा स्वीकृति प्रदान करने में असमर्थता जताई गई, जिससे हजारों खिलाड़ियों को नुकसान उठाना पड़ रहा था, जब आयोजकों ने खेल और खिलाड़ियों के पक्ष में बिना अनुमति प्रतिस्पर्धा करानी चाही तो क्रिकेट संघ ने प्रतियोगिता के ठीक पहले प्रदेश में कार्यरत अंपायर्स, स्कॉरर्स, पिच क्यूरेटर्स एवं अन्य टेक्निकल सहायकों के साथ हमसे जुड़े खिलाड़ियों को प्रातियोगिता में शामिल होने से मनाकर दिया गया, जिससे प्रतियोगिता ना हो सके, लेकिन खिलाड़ियों के जज्बे और आयोजकों की दृढ़ इक्षाशक्ति से आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो पाया।

इस तरह की परिस्थितियां भविष्य में

कैसे एक्साइज ड्यूटी कम होने का भार राज्यों पर नही पड़ेगा : कांग्रेस

- सीतारमण महंगाई के लिये बड़ी कंपनियों को जिम्मेदार मानती है तो कार्यवाही क्यो नही करती?

रायपुर/नवप्रदेश। वित्तमंत्री सीतारमण द्वारा यह कहना कि डीजल-पेट्रोल पर केन्द्र द्वारा कम किये गये एक्साइज ड्यूटी का राज्यों के ऊपर कोई भार नही पड़ेगा सफेद झूठ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि वित्त मंत्री को स्पष्ट करना चाहिये कि राज्यों पर इसका भार कैसे नही पड़ेगा? केन्द्र के कर नीति के तहत पेट्रोलियम पदार्थो के सेन्ट्रल एक्साइज कर का 41 प्रतिशत हिस्सा राज्यों को मिलता है फिर सेन्ट्रल एक्साइज की कमी का राज्यो पर भार नही पड़ने के वित्तमंत्री के बयान का आधार क्या है? क्या वित्त मंत्री केंद्र सरकार पेट्रोलियम के एक्साइज ड्यूटी केन्द्र ओर राज्य के हिस्सों के लिये कुछ नया प्रावधान किया है वित्त मंत्री को स्पष्ट करना चाहिये?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश की जनता जानती है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता में गरीब, किसान और बेरोजगार नहीं बल्कि उद्योगपति, मुनाफाखोरी और व्यापार है। जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से उद्योगपतियों और व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए संविधान और आम लोगों के जनजीवन से खेलने का काम कर रही है। केंद्र में आते ही मोदी सरकार ने भू अधिकार कानून में संशोधन करने का कुत्सित प्रयास किया था कि उद्योगपतियों को आम लोगों की जमीन हड़पने में आसानी हो मगर कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए निरंतर आंदोलनों के कारण भाजपा इस कानून को लागू नहीं कर पाई। हाल ही में देश के कृषि व्यवस्था पर उद्योगपतियों का एकाधिकार स्थापित करने के लिए तीन असंवैधानिक कृषि कानून लाए गए जिसके द्वारा जमाखोरी और कालाबाजारी को बढ़ावा तो मिलता ही साथ ही देश का किसान पूंजीपतियों का गुलाम बन जाता। इस कानून को लागू करने के लिए उद्योगपतियों की गुलाम मोदी सरकार इस कदर उत्सुक थी की लाखों किसानों का आंदोलन और 700 किसानों की मृत्यु का भी सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा था।

मोदी सरकार के चाल चरित्र

महंगाई के लिए कंपनियों का गठजोड़ जिम्मेदार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि अगर निर्मला सीतारमण यह मानती है कि देश में भीषण महंगाई के लिए कंपनियों का गठजोड़ जिम्मेदार है तो उन्हें यह भी मान लेना चाहिए कि कंपनियों का यह गठजोड़ मोदी सरकार के पूंजीवादी नीतियों का परिणाम है। इसके पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी सीमेंट और स्टील उद्योग में कंपनियों द्वारा गठजोड़ की बात मान चुके हैं। देश के भीतर यदि निजी कंपनियां गठजोड़ बना कर जमाखोरी और कालाबाजारी कर रही है तो इसका सीधा मतलब यह है कि इन कंपनियों को मोदी सरकार का संरक्षण प्राप्त है और मोदी सरकार इन कंपनियों द्वारा की जा रही मुनाफाखोरी में बराबर की हिस्सेदार है। मोदी सरकार इन मुनाफाखोर कंपनियों के खिलाफकार्यवाही क्यों नहीं करती हैं? मोदी सरकार अपने पाप को कंपनियों के ऊपर डाल कर बच नहीं सकती क्योंकि देश की जनता भाजपा के पूंजीवादी चरित्र को अच्छी तरह समझ चुकी है।

सीएम किसानों को फसल बीमा दावा राशि वितरण का किया शुभारंभ

- डेढ़ लाख किसानों को मिलेगी 307.19 करोड़ रूपए की दावा राशि
- राज्य के 17 जिलों के किसान होंगे लाभान्वित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के सुदूर अंचल दंतेवाड़ा से आज राज्य के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं उद्यानिकी फसलों की मौसम आधारित बीमा दावा राशि के वितरण का शुभारंभ किया। रबी एवं उद्यानिकी फसलों के बीमा योजना के तहत राज्य के 17 जिलों के लगभग डेढ़ लाख किसानों को 307 करोड़ 19 लाख रूपए की दावा राशि मिलेगी। किसानों को रबी फसलों के बीमा दावा का भुगतान के मामले में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है।

मुख्यमंत्री ने राज्य के किसानों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसानों की भलाई के लिए राज्य में सभी कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, सांसद श्री दीपक बैज, विधायक श्रीमती देवती कर्मा, विधायक श्री विक्रम मंडावी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी मौजूद थे। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह, संचालक कृषि श्री यशवंत कुमार, संचालक उद्यानिकी श्री माथेश्वरन वी. वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए।

यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के सिलसिले में बस्तर अंचल के दौरे पर हैं। किसानों को फसल बीमा दावा राशि के भुगतान में विलंब न हो, इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री ने राजधानी रायपुर से इस कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बजाय दंतेवाड़ा से ही ऑनलाईन शुभारंभ किया। इससे पूर्व गोधन न्याय योजना की राशि का वितरण उन्होंने सरगुजा संभाग मे भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान रामानुजगंज से किया था।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 21 मई को राज्य के 26 लाख 67 हजार किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना तथा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत 1804 करोड़ रूपए तथा आज फसल बीमा दावा के रूप में 307.19 करोड़ रूपए के भुगतान के लिए कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे सहित विभागीय अधिकारियों बधाई दी और कहा कि मात्र चार दिनों की अवधि में राज्य के किसानों को 2111 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत राज्य के 17 जिलों के लगभग एक लाख 45 हजार किसानों को 297 करोड़ 9 लाख रूपए तथा उद्यानिकी फसलों के मौसम आधारित बीमा योजना के अंतर्गत 4747 कृषकों को 10 करोड़ 10 लाख रूपए का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खरीफ 2021 में राज्य के 3 लाख 97 हजार कृषकों को 752 करोड़ रूपए की दावा राशि का भुगतान किया गया है। कुछ किसानों को दावा राशि का भुगतान न मिलने की जानकारी मिली है। इसका परीक्षण कराकर दावा भुगतान के निर्देश दिए गए हैं।

कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि मई का महीना राज्य के किसानों के लिए

ए मां सेवा समिति में नई रोटी मशीन का लोकार्पण सत्यनारायण शर्मा द्वारा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर में एम्स हॉस्पिटल के मरीजो के परिजनों लिये रायपुर के 3 बड़े अस्पताल मेकाहारा डीकेएस एवं एम्स निःशूल्क भोजन दूत रूपी शहर की ए मां भोजन सेवा समिति जो विगत 3 वर्षो से प्रतिदिन बिना रुके भोजन व्यवस्था करते आ रही है , यह सेवा जरूरतमंदो के लिये किसी बहुमुल्य सहारे से कम नही है। जो उन्हे हालात से लड़ने के लिये हिम्मत देते है। किसी अनजान शहर में अपने परिजनों के लिये रुके लोंगो को दो समय के भोजन के लिये सहारा बनी यह संस्था दानदाताओ के सहयोग से 3 वर्ष से भोजन की निरन्तर सेवा निःशुल्क कर रही है और मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से आगे भी करेगी, अब इसी कड़ी में समिति द्वारा अत्यंत गरीब, निर्धन वर्गो के मरीजों के लिये सेवा चालू रखेगी इसी कड़ी में आज फुल्ली ऑटोमैटिक रोटी मशीन का विधिवत पूजन के साथ लोकार्पण सत्यनारायण शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया.सत्तू भैया के द्वारा संस्था के सेवा से प्रभावित होकर 51000 हजार रुपये की राशि दान दी गई. इस अवसर पर संस्था के संरक्षक राममणि यादव, निर्मला गोयनका वरिष्ठ सहयोगी राधे राधे दीदी, रश्मि दीदी नीतू दीदी ब्रह्मा दीदी संजय मिश्रा नरेश नामदेव और दैनिक दबंग स्वर के प्रधान संपादक पंडित पीके तिवारी उपस्थित रहे।

फूड प्वाइजनिंग से नर्सिंग कॉलेज की 25 छात्रा बीमार

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित सृष्टि नर्सिंग कॉलेज की 25 छात्राओं की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गई। उन्हें आनन-फानन में कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत ठीक बताई जा रही है। डॉक्टरों ने छात्राओं के फूड प्वाइजनिंग की आशंका जाहिर की है। हालांकि कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि तेज गर्मी से तबीयत खराब हुई है। मेस का खाना ठीक है। जानकारी के मुताबिक, सृष्टि नर्सिंग कॉलेज के हॉस्टल में 45 छात्राएं रहती हैं। इनमें से 25 की सोमवार को तबीयत बिगड़ गई। एक साथ इतनी छात्राओं को उल्टी और बीमार होते देख कॉलेज में हड़कंप मच गया। उन्हें तत्काल ही मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद 19 छात्राओं को छुट्टी दे दी गई। हालांकि अभी भी 6 छात्राएं अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि फूड प्वाइजनिंग के कारण छात्राओं की तबीयत बिगड़ी है। अस्पताल प्रबंधन भी इस बात को स्वीकार कर रहा है, लेकिन पूरी तौर पर नहीं।

राज्य के कई स्थानों पर हो सकती है हल्की बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। रविवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन देखने को नहीं मिला. इन जगहों पर अधिकतम तापमान 38 से 41 डिग्री दर्ज किया गया. सोमवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश और अंधड़ चलने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है. 25 मई से नौतपा की शुरुआत होने जा रही है. नौतपा का असर 2 जून तक रहेगा. लेकिन 24 से 26 मई तक प्रदेश के अधिकांश जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिण पश्चिम राजस्थान से झारखंड तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है. एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा तटीय ओडिशा के पास 2.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. जिसके प्रभाव से सोमवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं. एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ भी चल सकती है. इस दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

समस्या का समाधान ही एक सफल उद्यम को जन्म देता है

रायपुर/नवप्रदेश। आज के समय में समस्या का समाधान ही एक सफल उद्यम को जन्म देता है, नए समय के स्टार्टअप कल्चर में ta&ation एवं व्यवसाय के लाइसेंसिंग की जटिलता के समाधान को देखते हुए आज रायपुर में एक विशेष नवोन्मेषी बिज़नेस मॉडल द टैक्स फर्म का शुभारंभ आज दिनांक 23.05.22 को रायपुर नगर निगम मुख्यालय में नगर निगम अध्यक्ष (स्पीकर) प्रमोद दुबे के द्वारा हुआ, द टैक्स फर्म के नाम से नवस्थापित प्रतिष्ठान आमजन को अत्यंत ही सरल प्रक्रिया से आयकर जीएसटी, व्यवसायिक पंजीयन एवं नए स्टार्टअप के सफल संचालन हेतु ऑनलाइन सुविधा न्यूनतम दर में प्रदान करता है ।

द टैक्स फर्म के संस्थापकों के अनुसार फर्म के माध्यम से अनेकों युवाओं को रोज़गार एवं आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर प्राप्त होगा, विमोचन कार्यक्रम वरिष्ठ कांग्रेस महामंत्री अविनय दुबे के सहयोग से संपन्न हुआ एवं विमोचन के अवसर पर रायपुर कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष गिरीश दुबे का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ, सभापति महोदय प्रमोद दुबे ने मॉडल की प्रशंसा करते हुए इसे अत्यंत उत्तम प्रभावशाली एवं समयानुकूल बताया।

कार्यक्रम में फर्म की संस्थापक सदस्य अधिवक्ता अचला शर्मा, एमडी शिवमोहन शर्मा तकनीकी प्रभारी अधिवक्ता आशीष शर्मा एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

उपभोक्ताओं को 16 हजार 424

इकाइयों, इकाई क्रमांक 3 एवं 4 दवारा क्रमशः 18 नवम्बर 2018 एवं 28 मार्च 2019 से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ किया गया है। इन इकाइयों की लागत वर्ष 2011 में 6 हजार 500 करोड़ रूपये आंकलित की गई थी। वर्तमान में विभिन्न कारणों यथा मूल्य संवर्धन , मुद्रा दर परिवर्तन , वस्तु एवं सेवा कर में हुई वृद्धि तथा संशोधित पर्यावरण मानकों के पालन में किए जाने वाले कार्यों के कारण परियोजना की लागत 6 हजार 500 करोड़ से बढ़कर अब 7 हजार 738 करोड़ रूपये हो गई है। मंत्रि-परिषद् द्वारा रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (ऋष्ठस्स्) में वितरण कंपनियों की 24 हजार 170 करोड़ रूपये की कार्य-योजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें प्रदेश की तीनों विद्युत् वितरण कंपनियों द्वारा प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग एवं सिस्टम मीटरिंग के लिए 8 हजार 736 करोड़ रूपये, वितरण हानियों में कमी के लिए 9 हजार 265 करोड़ रूपये तथा वितरण प्रणाली सुदृ?ीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए 5 हजार 909 करोड़ रूपये के कार्य किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त परियोजना की मॉनिटरिंग के लिए 260 करोड़ रूपये का प्रावधान भी कार्य-योजना में किया गया है।

रूस पर बोले बिना...

बनाए रखने के महत्व को दोहराया। उन्होंने इंडो-पैसिफिक में विकास और यूरोप में संघर्ष पर अपना दृष्टिकोण रखा।

क्वाड समिट में चीन ...

के सामने अपने लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। क्वाड हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक रचनात्मक एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा है, जो वैश्विक 'भलाई की दिशा में काम करने वाली एक ताकत' के रूप में उसकी छवि को और मजबूत बनाएगा। मोदी ने यह टिप्पणी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस की मौजूदगी में की।

पीएम ने भारतीय ...

विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता देगी जिसमें क्वॉड के चारों देशों से 25-25 विद्यार्थी शामिल होंगे। उन्हें अमेरिका में प्रमुख एसटीईएम स्नातक विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने में मदद मिलेगी। क्वॉड फेलोशिप कार्यक्रम शुरू हो चुका है और इसमें आवेदन की प्रक्रिया 30 जून तक खुली रहेगी। इसके साथ ही फेलोशिप के तहत पहली कक्षा की शुरुआत अगले वर्ष से होगी।

भगवंत मान का भ्रष्टाचार...

जाएगा। 2015 में उन्होंने खुद दिल्ली में एक मंत्री को हटा दिया था, जब उस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे।'

पूजा सिंघल केस...

त्रिवेणी चौधरी झारखंड में ही रहते हैं और कारोबार करते हैं। वे त्योहारों में मुजफ्फरपुर आते हैं। ईडी की छापेमारी टीम त्रिवेणी चौधरी के घर के अंदर है और बाहर पुलिस तैनात कर दिया गया है। किसी को भी घर के अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। परिवार के सदस्य को भी अभी तक बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। इस वजह से कार्रवाई को लेकर ठोस जानकारी नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, विशाल चौधरी रांची में रहता है। विशाल रांची में वोकेशनल और टेक्निकल शिक्षण संस्थान चलाता है। उसे पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा का करीबी बताया जा रहा है। इस तरह विशाल और आईएएस पूजा सिंघल के बीच अच्छे संबंध हैं। विशाल के इंस्टिच्यूट में सीए सुमन सिंह के माध्यम से पैसा लगाए जाने की भी बात बताई जा रही है।

बेटे को न लगे नाजायज...

और दोनों ने शादी नहीं की थी। हालांकि उनकी मां ने अपने प्यार की निशानी अपने बच्चे को जन्म दिया और खूब लाड-प्यार से पाला। दुनियादारी में उनका बेटा नाजायज न कहलाए इसलिए मां ने झूठ बताया कि पिता की हादसे में मौत हो गई। इसका मामले का जिक्र एंथोनी ने अपनी बॉयोग्राफी में भी किया है। मां की खातिर अल्बनीज ने उनके जिंदा रहते कभी पिता को नहीं खोजा। साल 2002 में मां का निधन हो गया।

12 करोड़ खर्च होने के बावजूद वार्डों में नहीं पहुंचा पानी

पेयजल के अभाव में परेशान हो रहे लोग, प्रभावी कदम उठाए प्रशासन

बाड़ी । नगर परिषद बाड़ी द्वारा नगर के 15 वार्डो में पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए जल आवर्धन योजना के तहत 12 करोड़ रूपये से अधिक रुपए का कार्य कराया गया । जिसके अंतर्गत विभिन्न वार्डो में नल जल योजना के तहत पानी की सप्लाई शुरू करने के लिए पाइप लाइन बिछाई गई लेकिन आज भी स्थिति यह है कि जिन वार्डों में पूर्व से पानी की समस्या है उन वार्डों में आज तक पानी पहुंचा ही नहीं है। जिन वार्डों में पहले से भरपूर पानी था वहां पर पाइपलाइन डाल दी गई है और नगर के 15 में से 7 बड़े वार्डों के लोग पेयजल के अभाव में परेशान हैं। वार्ड क्रमांक 3, दरगाह रोड पर आज तक पानी नहीं पहुँचा। यहां के निवासी आज भी नदी का पानी पीने को मजबूर हैं, जहां कभी-कभी नगर परिषद द्वारा पानी का टैंकर भेजकर पानी की पूर्ति की जाती है। रहवासियों द्वारा लगातार तहसील और नगर परिषद में आवेदन दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। वार्ड क्रमांक 4,5,7,11, में कहीं पानी पहुंच रहा है तो कहीं लाईनें डली होने के बाबजूद भी पानी नही पहुंच रहा है। नगर के वार्ड क्रमांक 12 जल आवर्धन योजना के तहत पाइप लाइन डाली गई थी लेकिन पाइपलाइन को अभी तक मुख्य लाइन से जोड़ा नहीं हो गया है, इस कारण पानी चालू ही नहीं हो पाया है। पूर्व पार्षद द्वारा लगातार अधिकारियों से कहने के बावजूद अभी तक पूरे वार्ड में सप्लाई पूर्ण नहीं हो पा रही है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 15 में टेकरी मोहल्ला और सिरवारा में पाइप लाइन तो जोड़ी गयी थी लेकिन 2 दिन पानी चलने के बाद प्रेशर कम होने के कारण पानी पहुंचना ही मुश्किल हो रहा है।

इनका कहना है-

नगर के विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा तहसील कार्यालय और नगर परिषद कार्यालय जाकर पानी की सप्लाई चालू करने हेतु आवेदन दिए गए लेकिन अभी तक नगर के आधे भाग में नल जल योजना चालू ही नहीं हो पाई है। जिन वार्डों में चालू हुई है वहां पर आज भी सही ढंग से पानी नहीं पहुंच रहा है।
हमारे द्वारा इस संदर्भ में कई बार मुख्य नगरपालिका अधिकारी और उपयंत्री को कहा गया कि वार्ड की पाइपलाइन को जोड़ा जाए, जिससे गर्मियों में लोगों को पानी मिल सके लेकिन उनके द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया।

रंजीत गौर पूर्व पार्षद वार्ड क्र. 12

जल आवर्धन पर काम चल रहा है, ठेकेदार से कहकर शीघ्र पानी की पाइप लाइन चेक कराकर वार्डों में पानी सप्लाई शुरू कराएंगे।

हरिशंकर वर्मा
सीएमओ नगर परिषद बाड़ी

चिदंबरानंद सरस्वती महाराज ने कहा, मौत के भय से निर्भय बनाता है सनातन धर्म

रतलाम । महामंडलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती महाराज ने कहा है कि दुनिया के जितने भी धर्म और मजहब हैं, वे सभी भयभीत करने का काम करते हैं लेकिन एक मात्र सनातन धर्म है,जो मौत के भय से निर्भय बनाकर अभय बनाता है। मौत सामने खड़ी है लेकिन फिर भी सात दिन में शुकदेवजी ने राजा परीक्षित को मुक्ति प्रदाता श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करवाकर अभय पद में प्रतिष्ठित कर दिया। जीते जी जीवन मुक्ति प्रदान करने का मार्ग सनातन धर्म और ग्रन्थ श्रीमद् भागवत है। इसलिए जब भी अवसर मिले कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए । इससे ने केवल कलियुग के दोषों से रक्षा होती है बल्कि भक्ति, ज्ञान और वैराग्य भी जीवन में प्रकट होते हैं। अखंड ज्ञान आश्रम में ब्रह्मलीन पूज्य स्वामी श्री ज्ञानानन्द जी महाराज के 31 वें पुण्य स्मृति महोत्सव में स्वामी चिदम्बरानंद का स्वागत किया गया। पतंजलि भारत स्वभिमान के महामंत्री नित्येंद्र आचार्य ,जिला प्रभारी विशाल वर्मा एव विजय उपाध्याय ने शुगर गिलोय प्लांट देकर एवं पतंजलि के दुपट्टे से स्वामी जी का अभिनन्दन कर आशीर्वाद ग्रहण किया। स्वामीजी ने कहा की धर्म की सदैव जय होती है। समय और परिस्थितिवश कभी अधर्म असत्य समाज में लोगों को प्रभावित और भ्रमित करता नजर आता हैं। लेकिन उसका प्रभाव स्थायी नहीं होता है। विश्वास कीजिए सत्य की नाव हिलेगी और डुलेगी भी सही मगर डूबेगी नहीं। सत्य के पक्ष में जो खड़ा है उसकी विजय सुनिश्चित है। हमारे संत और ग्रन्थ हमें हमेशा सत्य के मार्ग पर नित नवीन उत्साह के साथ आगे बढना ही सिखाता है।

बुराई का करें विरोध

उन्होंने कहा कि हमारे संस्कृति में गलत व्यक्ति और विचार का हमेशा से विरोध किया गया है। हम जब अपने कपड़े पर दाग स्वीकार्य नहीं करते है तो समाज /धर्म पर कोई दाग कैसे सहन कर सकते हैं। कथा हमें प्रेरित करती है कि सत्य के पक्ष में रहिए।यदि समाज में कही कोई गलत हो रहा है तो उसका विरोध अवश्य होना चाहिए। हमारी आंखों के सामने यदि गलत होने पर उसका विरोध अवश्य करे चिदम्बरानंद जी ने बताया कि श्रीमद् भागवत जी में स्पष्ट रूप से कलियुग का प्रभाव है बुराई से बचने का यदि कोई उपाय है तो वह है कथा श्रवण और संतो का सत्संग।कथा श्रवण से आपके विचार दूषित नहीं होंगे और जब आपके विचारों में पवित्रता होगी तो आचरण स्वतः ही श्रेष्ठ हो जायेगा।

अधिकारी बनकर समाज सेवा करना चाहता है मसूद

मनावर । कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय में सर्वाधिक नंबरों से पास होकर 80 प्रतिशत अंकों के साथ हर विषय में विशेष योग्यता पाने वाले छात्र मसूद अहमद खान पिता महमूद अहमद खान भोपाल ने राजधानी का नाम रोशन करते हुए प्रथम श्रेणी में 11वीं कक्षा उत्तीर्ण की है । उनका सपना है आगे की पढ़ाई करके ऑफिसर बन के समाज सेवा करना गरीब मजदूरों, मजलूम खास करके मूकबधिर दिव्यांगों की सेवा करना है। मसूद ने बताया उनकी मां /शबनम इस्लाम का कहना है दुनिया की सबसे बड़ी दौलत शिक्षा तालीम है और इस को हासिल करने के बाद यह हमेशा बढ़ती रहती है। इसे चोर डकैत कोई चुरा नहीं सकता और इस में बरकत होती रहती है। आम जनमानस को फायदा पहुंचाने के हिसाब से मैं पढ़ाई कर रहा हूं और 1 दिन मां , रिश्तेदार ,दोस्तों की, दुआ रंग लाएगी और मैं ऑफिसर बनूंगा।

सांसद ने मोदी सरकार द्वारा डीजल- पेट्रोल के दाम घटाने के फैसले को बताया ऐतिहासिक

रतलाम । केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर प्रति लीटर 8 और 6 रूपये एक्साइज ड्यूटी घटाकर लोगों को बड़ी राहत दी। उधर पेट्रोल और डीजल के दाम प्रति लीटर 9.5 और 7 रुपये घटाये गये। इस पर क्षेत्रीय सांसद गुमानसिंह डामोर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी सरकार का यह कदम जनहितैषी है। श्री डामोर ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क कम करने की घोषणा की आम जनता को राहत मिल गई। केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर प्रति लीटर 8 और 6 रूपये एक्साइज ड्यूटी घटाकर लोगों को बड़ी राहत दी है। इसके बाद पेट्रोल के दाम 9.5 रुपये तो वहीं डीजल के दाम 7 रुपये प्रति लीटर तक कम हो गए हैं। सांसद श्री डामोर ने इस कदम पर मोदी सरकार की तारीफ करते हुए का कि केन्द्र की मोदी सरकार ने इसके अलावा उज्ज्वला योजना के अंतर्गत आने वाले 9 करोड़ परिवार वालों को 12 सिलिंडर तक प्रत्येक रसोई गैस सिलिंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी देने का भी ऐलान किया है, जो कल्याणकारी कदम है । पेट्रोल- डीजल की कीमतें कम होने और गैस सिलिंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी देने संबंधी फैसले की सांसद गुमानसिंह डामोर ने प्रसंशा करते हुए कहा कि इस चुनौतीपूर्ण वैश्विक स्थिति में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाकर और गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी देकर आम जनता को बहुत बड़ी राहत दी है। अन्य क्षेत्रों के लिए भी कई ऐसे कदम उठाए हैं जिससे उत्पादों के दाम में कमी आएगी। उन्होने कहा कि मोदीजी एक संवेदनशील नेता हैं जो देश के हर वर्ग की परवाह करते हैं।

ट्रैफिक पुलिस ने ओवर स्पीड वाहनों पर की कार्यवाही यातायात संकेतों एवं नियमों के पालन की दी समझाइश

हरदा । पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह वर्द्धमान के निर्देशन में थाना यातायात प्रभारी सूबेदार वर्षा गौर एवं टीम द्वारा नेशनल हाईवे पर खिड़कीवाला व चारखेड़ा के बीच इंटरसेप्टर व्हीकल का उपयोग करते हुए निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाने वाले व यातायात संकेतों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान तेज गति वाले 8 चालकों पर चालान करते हुए 8000 समन शुल्क वसूल किया गया व अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन वाले 22 वाहनों पर चालन करते हुए 10000 समन शुल्क वसूल किया गया (इस प्रकार कुल 30 वाहनों से 18000 समन शुल्क वसूल किया गया)साथ ही यातायात पुलिस द्वारा राहगीरों को निर्धारित एवं नियंत्रित गति सीमा में ही वाहन चलाने हेतु जागरूक किया जा रहा है व 175 से अधिक राहगीरों को नेशनल हाईवे/ स्टेट हाईवे पर लगे संकेत चिन्हों के बारे में जानकारी दी गई तथा उनके पालन की अपील की गई ताकि तेज गति लापरवाही पूर्वक व यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके । ज्ञात हो कि इंटरसेप्टर व्हीकल के माध्यम से वाहनों की फोटो एवं सड़क पर चलने के दौरान उनकी गति की सटीक एवं प्रमाणित जानकारी प्राप्त होती है । इसी को आधार बनाकर निर्धारित गति सीमा से तेज गति में वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। संपूर्ण कार्यवाही के दौरान सूबेदार गौर के साथ उप निरीक्षक,आर. डी. हरियाले, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक बसंत चौधरी,कपिल अग्रवाल ,प्रधान आरक्षक महेश शर्मा आरक्षक -विमल लौवंशी, उपस्थित रहे ।

गुणवत्ता के अभाव में टूट- फूट रही है चंदवार नहर

बाड़ी । भ्रष्टाचार कैसे किया जाता है, इसका ग्राम चंदवार के पास नहर निर्माण कार्य देखकर स्वयं ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्माण एजेंसी द्वारा इसके निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान न रखते हुए घटिया क्वालिटी की निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया। निर्माण कार्य की सही ढुंग से मानीटरिंग न होने का नतीजा यह है कि यह नहर टूटने- फूटने लगी है। भ्रष्टाचार एवं जिम्मेदारों की सांठगांठ के कारण नहर निर्माण के नाम पर शासकीय धनराशि का जमकर दुरुपयोग हुआ। जिम्मेदार अधिकारी अपने चहेते ठेकेदारों से अपना फिक्स कमीशन लेकर राजधानी चले जाते हैं। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को शायद अपनी विभागीय जिम्मेदारियों का एहसास नहीं है या फिर वह कमीशन के खेल में शामिल होकर निर्माण कार्यों में इस तरह का 'खेल' करा रहे हैं। यहां पर निर्माण एजेंसी द्वारा बाजार भाव से अधिक काम के बिल वाउचर लगाए जाते हैं, जिन्हें अधिकारी आंख बंद करके पास कर देते हैं। इस मामले में वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय एजेंसी से जांच कराने तथा जिम्मेदारों पर ऐक्शन की मांग की है।

संक्षिप्त समाचार

आयुष्मान योजना के तहत हुई हार्ट की सर्जरी

श्योपुर। आयुष्मान भारत योजना के तहत गिर्राज गुर्जर के हार्ट की सफल सर्जरी भोपाल के अस्पताल में की गई। वही आरबीएसके के तहत 13 वर्शीय बालक प्रेमनारायण की आखों का सफल आपरेशन रतन ज्योति नेत्रालय ग्वालियर में हुआ। आरबीएसके प्रभारी श्रीमती स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि ग्राम दलारना कला निवासी 45 वर्शीय गिर्राज गुर्जर को हार्ट अटैक आने के बाद सर्जरी की सलाह दी गई थी। गिर्राज गुर्जर द्वारा इस संबंध में श्योपुर अस्पताल में संपर्क करने पर उसे आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क ऑपरेशन के लिए भोपाल सिद्धांता रेडक्रॉस अस्पताल सर्जरी के लिए भेजा गया। जहां पिछले दिनों उसें सफल सर्जरी की गई। इसी प्रकार आरबीएस के तहत बड़ी कॉलोनी कराहल निवासी गजानन्द के 13 वर्शीय पुत्र प्रेमनारायण की आखों में मोतियाबिन्द की बीमारी का सफल ऑपरेशन रतन ज्योति नेत्रालय अस्पताल ग्वालियर में किया गया। गिर्राज गुर्जर एवं प्रेमनारायण शासन की योजनाओं में निशुल्क उपचार होने पर शासन को धन्यवाद दे रहे हैं।

आदिवासी परिवार की दो महिलाएं बगीचा लगाकर पकड़ रही हैं तरक्की की रफ्तार

श्योपुर। श्योपुर जिले के आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम पनवाडा की निवासी आदिवासी परिवार की दो महिला श्रीमती भगवती एवं श्रीमती रचना आदिवासी अपनी निजी जमीन में 1 हैक्टयर आम का बगीचा लगाकर आम बेचने से हो रही आदमनी के कारण तरक्की की रफ्तार पकडने में सहायक बन रही है। आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम पनवाडा के आजीविका मिशन के कर्मचारियों ने आम, अमरूद, केला का बगीचा लगाने के लिए आदिवासी परिवारो की महिलाओ को दो वर्ष पूर्व प्रेरणा दी थी। जिस पर से श्रीमती भगवती एवं श्रीमती रचना आदिवासी अपनी 01 हेक्टयर भूमि में आम, अमरूद, केला का बगीचा लगाने की दिशा में पहल शुरू की। साथ ही अपना भगवती स्वसहायता समूह गठित कर अन्य समूह की महिलाओ को भी बाडी लगाने के लिए प्रेरित किया। भगवती स्वसहायता समूह की महिला हितग्राही श्रीमती भगवती एवं श्रीमती रचना आदिवासी ने बताया कि हमारे द्वारा दो वर्ष पूर्व अपनी बाडी में केसर, राजभोग आम के पोधे डीपीएम आजीविका मिशन श्री मुद्गल के सहयोग से लगाये गये थे। आज यह आम के पौधे बड़े होकर परिवार की आमदनी बढ़ाने में सहायक बन गये हैं। आम का विक्रय आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय कराहल की सब्जी मंडी के अलावा पनवाडा-कराहल मेंन रोड पर बाडी के सामने ठेला लगा कर भी किया जा रहा है। साथ ही बगीचे में पेड़ों के बीच में बैगन, टमाटर, भिण्डी लगाई गई है। जिससे भी आमदनी में इजाफा होगा। जिले के आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम पनवाडा की महिला हितग्राही श्रीमती भगवती एवं श्रीमती रचना आदिवासी ने बताया कि मप्र डे-आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित भगवती स्वसहायता समूह तरक्की की रफ्तार पकड रहा है। साथ ही हम दोनो महिलाओ में कठिन परिश्रम कर 01 हेक्टयर बाडी में आम, अमरूद, केला के पेड बडे होकर परिवार की आय में सहायक बन रहे है। अमरूद और आम के फल बेचने से सीजन में करीबन 50 हजार रूपये की आय हो रही है।

जून में युवक-युवती-पालक परिचय सम्मेलन होगा आयोजित : नेहा अवस्थी

हरदा । सर्व ब्राह्मण वेलफेयर सोसाइटी मातृ शक्ति ग्रुप की मिश्रा पैलेस में बैठक आयोजित हुई । बैठक मे सामाजिक स्तर पर महिलाओ की सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करने के साथ संगठन की मजबूती के लिए रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर जोर दिया गया । निर्णय लिया गया की जून के अंतिम माह में युवक युवती पालक परिचय सम्मेलन रखा जायेगा । बैठक में सभी की सहमति से परिचय सम्मेलन समिति का सलाहकार रंजना भारद्वाज, ज्योति दुबे, समन्वयक नीतू चौबे, कीर्ति तिवारी, नेहा अवस्थी रहेंगी। संयोजक मंजू बिल्लौरे, सुधा पुरोहित, दर्शना पांडे, सोनाली शर्मा, अर्चना मिश्रा, अनिता पारे, जया साक्ले, पारुल काशिव, शशि त्रिपाटी रहेगी । आगामी बैठक में सम्मेलन की तैयारी हेतु अलग अलग ग्रुप का गठन कर उनके प्रभारियों के नामो की घोषणा की जायेगी । बैठक में संगठन को वर्षभर सक्रिय रखने के लिए अन्य कार्यकमों को सुचारु ढंग से जारी रखने के लिये भी आपसी सहमति चार्ट तैयार करने के लिए भी टीम का गठन किया गया। सर्व ब्राह्मण बेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने सोसायटी के किये कार्यो से अवगत कराया । बैठक में रंजना भारद्वाज ने सामाजिक स्तर पर महिलाओं की सक्रियता पर जोर देते हुए कहा कि हम यदि पीछे रह जाते हैं तो वो गलती हमारी होगी अब आगे बढ़कर कार्य करने की जरूरत हैं । कार्यक्रम का सफल संचालन अनिता मिश्रा ने किया, आभार पिंकी शर्मा ने माना । सम्मेलन का सम्पूर्ण नेतृत्व महिलाये ही करेंगी। संयोजक कीर्ति तिवारी ने बताया कि युवक युबती पालक परिचय सम्मेलन की सम्पूर्ण कार्य संचालन संगठन की महिलाये द्वारा हीं किया जायेगा । जिसका उद्देश्य महिलाओ मे कार्य को लेकर आत्मविश्वावास बढ़ाना साथ हीं सामाजिक महिलाओ से इस माध्यम से लगातार एक दूसरे के सम्पर्क मे रहना ।जिससे हम एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहे । नेहा अवस्थी ने बताया की आतिशीघ्र टीम प्रभारियों की घोषणा की जाएगी।

रेडक्रास सप्ताह अंतर्गत स्वास्थ्य कैंप आयोजित

श्योपुर। विश्व रेडक्रॉस दिवस में उपलक्ष्य में रेडक्रॉस शाखा श्योपुर के अध्यक्ष कलेक्टर शिवम् वर्मा के निर्देशन में आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा ग्राम बरगवा में किशोरी बालिका एवं महिलाओं में सैनेट्री पेड का उपयोग व हेल्थ एवं हाईजीन के सम्बन्ध में स्वास्थ्य कैंप लगाया। कार्यक्रम के शुभारंभ में भारत माता व रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेट के चित्र पर माल्यार्पण किया गया व मध्यप्रदेश प्रबन्ध समिति सदस्य रेडक्रॉस अमित सूद एडवोकेट ने रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेट का जीवन परिचय दिया व सीएमओएचओ डॉ बीएल यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी एकीकृत महिला एवं बाल विकास श्री ओपी पाण्डेय व अन्य समाज सेवियों ने महिलाओं को हाईजीन व सैनेट्री पैड के उपयोग के विषय में व्याख्यान दिया व किशोरी बालिकाओं व महिलाओं में सैनेट्री पैड का निः शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं व किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

ज्ञान सिंह के अध्यक्ष बनने से पार्टी में होगा नई ऊर्जा का संचारः प्रदीप सिंह दीपू

सीधी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ज्ञान सिंह चौहान को जिला कांग्रेस कमेटी सीधी का अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जहां नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। वही पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीसीसी चीफ कमलनाथ तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल का आभार भी व्यक्त किया है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू ने जारी बयान में कहा है कि ज्ञान सिंह के जिला अध्यक्ष बनने से पार्टी में जहां एक तरफ नई ऊर्जा का संचार होगा वही आने वाले समय में स्थानीय निकाय के चुनावों में भी अपेक्षित एवं सकारात्मक परिणाम आएंगे। उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा है कि आप युवक कांग्रेस का जिला अध्यक्ष रहते हुए जिस तरह से सीधी सिंगरौली संपूर्ण जिले में युवाओं को जोड़कर युवक कांग्रेस का एक सशक्त एवं मजबूत संगठन खड़ा किया था, उसी तर्ज पर जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन को सशक्त एवं ऊर्जावान बनाने की आवश्यकता है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि आपके सामने चुनाव के साथ ही कई चुनौतियां हैं। लेकिन हर चुनौतियों को अवसर में बदलने की आप में क्षमता है। निश्चित ही कांग्रेस पार्टी सीधी जिले में आपके नेतृत्व में संगठित एवं सशक्त होकर भाजपा के जन विरोधी नीतियों महंगाई बेरोजगारी बिजली की समस्या सहित तमाम जनहित के मुद्दों पर जिला मुख्यालय से लेकर बूथ स्तर तक व्यापक संघर्ष की इबारत लिखेगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष में तरुणाई एवं तजुर्बे का अद्भुत सम्मिश्रण है। उनके नेतृत्व में जहां युवा वर्ग नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ काम करेगा, वही वरिष्ठ एवं अनुभवी नेताओं का भी पर्याप्त मार्गदर्शन मिलने से आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी ना केवल भाजपा के कुशासन के खिलाफ विशाल जल आंदोलन करेगी। बल्कि नगरी निकाय एवं पंचायतों में विजय का परचम फहराने के साथ ही 2023 के विधानसभा चुनाव में सीधी जिले की चारों सीट कांग्रेस की झोली

इंदौर -अहमदाबाद फोर लेन पर सरिए से भरा वाहन लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

धार। मोयरा फेक्ट्री पीथमपुर से 8 टन सरिया भरकर आयसर मेघनगर जा रही थी। 16 मई की रात्रि में इंदौर अहमदाबाद फोर लेन पर तिरला फाटा के पास अज्ञात आरोपियों द्वारा आयसर के ड्राइवर क्लीनर को गोली मारकर घायल कर लूट की वारदात को अंजाम दिया।
कंट्रोल रूम में csp देवेंद्र सिंह धुर्वे ने प्रेस वार्ता कर लूट की वारदात का खुलासा किया। अज्ञात आरोपियों द्वारा व्यस्त इंदौर अहमदाबाद फोर लेन मार्ग पर आयसर को रोककर व गोली मारकर लूट करने की वारदात से स्थानीय जनता में भय व दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने एसपी देवेन्द्र पाटीदार के निर्देशन में सीएसपी देवेंद्र सिंह धुर्वे , सायबर क्राइम प्रभारी सहित तिरला थाना प्रभारी को लगाया गया था।
क्राइम प्रभारी त्रिलोक सिंह बैस को मुखबिर से सूचना मिली कि गंधवानी के जंगल मे सरिये से भरी आयसर को दो ट्रेक्टर ट्राली में खाली कर आयसर को मुजाल्दा गंधवानी के घने जंगल मे छिपाया । पकड़े गए आरिपियो से घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो आरिपियो ने बताया कि वे चारो व्यक्ति पूर्व में पीथमपुर की प्रायवेट सरिया फेक्ट्री में मजदूरी करते थे।काम छूट जाने से बेरोजगार होने के चलते लूट की वारदात को अंजाम दिया । आसानी से अच्छा पैसा कमाने के लालच में हम चारों ने सरिये से भरी आयसर को लूटने की प्लानिंग की थी।
आरोपियों के कब्जे से 8 टन लोहे का सरिया,2 मोटर सायकल,2 ट्रेक्टर ट्राली,वीवो कंपनी का मोबाइल सत्ताईस लाख 48000 की मशरुका जप्त की । दो नाबालिग सहित चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे सख्ती से पूछताछ की जा रही है जिससे और भी लूट के रहस्य खुलने की संभावना है। इस कार्य में मनावर थाना प्रभारी नीरज बिरथरे व उनकी टीम,गंधवानी थाना प्रभारी, राम सिंह,राठौर व उनकी टीम टांडा थाना प्रभारी विजय वास्केल थाना प्रभारी तिरला भागचंद तंवर सउनि प्रमोद चौहान,प्रधान आरक्षक कैलाश कटारे क्राइम ब्रांच प्रभारी त्रिलोक सिंह बेस,सउनि राम सिंह आर.गुल सिंह सर्वेश सिंह सौलंकी प्रशांत सिंह,राजेश चौहान आदि का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को पुरुस्कार देने की घोषणा की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड नं-3 ,पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित, प्रबंध संपादक डॉ. शिशिर उपाध्याय,
फोन नं : 0755-2465533, मो. 9039005699 (न्याय क्षेत्र भोपाल), MPHIN/2017/72749 email:navpradeshbhopal@gmail.com